RNI NO. PUNBIL/2014/59416
UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

THE GOOD, BAD AND UGLY OF INDIA

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

**गुस्ताखी माफ**

केवल भारत को फबें, नखरे-नाज तमाम।
लेकिन बंग्लादेश को, भी हो गया जुकाम।
भी हो गया जुकाम, नहीं भारत आयेंगे।
आइसीसी कहे, मनाने ना जायेंगे।
कह साहिल कविराय, नहीं यह तेरा लेवल।
ऐसे नखरे सिर्फ, करे है भारत केवल।



प्रस्तुति : डॉ. राजेन्द्र साहिल

VOL: 03 | ISSUE 352 | FRIDAY DATE 09-01-2026 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: DELHI | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

# दिल्ली दंगों के आरोपियों को जमानत नहीं, मृत्युदंड मिले : जगद्गुरु रामभद्राचार्य



» **जयपुर, यूटर्न/ 08 जनवरी।**

तुलसी पीठाधीश्वर जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने गुरुवार को आईएएनएस से बातचीत में दिल्ली दंगों के आरोपियों को जमानत न मिलने, जेएनयू में विवादित नारेबाजी और बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे हमलों पर अपनी प्रतिक्रिया दी।

उन्होंने आईपीएल में बांग्लादेश के खिलाड़ी को शामिल किए जाने पर बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान को दोषी बताया है। इसके साथ ही उन्होंने राहुल गांधी को लेकर कहा कि उन्हें नेता प्रतिपक्ष के पद से ही हटा देना चाहिए। दिल्ली दंगों के आरोपी उमर खालिद और शरजील इमाम को जमानत नहीं मिलने पर जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने कहा कि बहुत अच्छा हुआ कि उन्हें जमानत नहीं मिली। उन्हें आजीवन कारावास ही नहीं, बल्कि मृत्युदंड दी जानी चाहिए।

जेएनयू में विवादित नारेबाजी को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि जेएनयू पर नियंत्रण करना जरूरी है। वहां के लोग सीमाएं पार कर गए हैं। विदेश में राहुल गांधी द्वारा भारतीय संस्थाओं पर सवाल उठाए जाने पर उन्होंने कहा कि सरकार को इस पर कठोर कदम उठाने चाहिए। उन्होंने कहा कि उन्हें नेता प्रतिपक्ष के पद से हटा देना चाहिए।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा दोगुना टैरिफ लगाने की बात कहने पर उन्होंने कहा कि भारत इससे झुकने वाला नहीं है। भारत अमेरिका के दबाव में नहीं आने वाला है। ॿपश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी को लेकर उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ममता पूरी तरह से मुसलमानों का समर्थन कर रही हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### जज केस कांड, सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 08 जनवरी।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज जस्टिस यशवंत वर्मा की याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया। जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की बेंच ने दो दिन की सुनवाई के बाद यह निर्णय लिया। हालांकि बेंच ने जस्टिस वर्मा को पार्लियामेंट्री कमेटी के सामने जवाब दाखिल करने के लिए समय बढ़ाने से मना कर दिया। उन्हें 12 जनवरी को संसदीय समिती के सामने जवाब देना है। दरअसल, जस्टिस वर्मा ने अपने खिलाफ लाए गए महाभियोग प्रस्ताव को चुनौती दी थी। याचिका में कहा गया है कि दोनों सदनों में महाभियोग प्रस्ताव लाया गया था, लेकिन राज्यसभा ने उसे मंजूर नहीं किया। इसके बावजूद लोकसभा ने अकेले जांच समिति बना दी, जो उनके अनुसार गलत है। एक दिन पहले, 6 जनवरी को सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि जांच समिति के गठन में कुछ खामियां दिखाई देती हैं। हालांकि कोर्ट यह देखेगा कि क्या यह खामी इतनी गंभीर है कि पूरी कार्यवाही को रद्द किया जाए। 14 मार्च को दिल्ली में जज के आधिकारिक आवास के स्टोर रूम में आग लगने के बाद जले हुए नोटों के बंडल मिले थे। इसके बाद के घटनाक्रम में उन्हें इलाहाबाद हाईकोर्ट ट्रांसफर कर दिया गया।

### राजस्थान में मिड डे मिल योजना में 2000 करोड़ का घोटाला, एसीबी ने जांच में आया सामने

**जयपुर, यूटर्न/ 08 जनवरी।** राजस्थान में मिड डे मिल योजना में 2000 करोड़ से अधिक के घोटाले का खुलासा हुआ है। कोविड-19 के दौरान स्कूल बंद रहने पर राज्य सरकार ने विद्यार्थियों को पोषण उपलब्ध कराने के लिए कॉनफैड के माध्यम से दाल, तेल, मसाले आदि युक्त कॉम्बो पैकेट्स वितरित किए थे। एफएसएसएआई और एगमार्क मानकों के अनुरूप होने का दावा किया गया, लेकिन योजना के क्रियान्वयन में अनियमितताओं और भ्रष्टाचार की शिकायतें मिलने पर एसीबी ने जांच शुरू की। एसीबी की जांच में पता चला कि कॉनफैड के अधिकारी और योजना से जुड़े अधिकारी आपस में मिलीभगत कर नियमों में बदलाव करते रहे।

# भारतीय स्टार्टअप्स संग एआई संवाद रहा यादगार : मोदी

» **नयी दिल्ली, यूटर्न/ 08 जनवरी।**



भारतीय एआई स्टार्टअप्स के साथ की राउंडटेबल चर्चा के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि स्टार्टअप्स के साथ एआई पर बातचीत यादगार और ज्ञानवर्धक रही।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में पीएम मोदी ने कहा, ॿभारतीय स्टार्टअप जगत के युवाओं के साथ एआई पर चर्चा हुई। यह एक यादगार और ज्ञानवर्धक बातचीत थी, जिसमें उन्होंने भारत द्वारा एआई की दुनिया को बदलने के प्रयासों के बारे में अपने दृष्टिकोण और कार्यों को साझा किया। यह सराहनीय है कि ये स्टार्टअप ई-कॉमर्स, मार्केटिंग, इंजीनियरिंग सिमुलेशन, सामग्री अनुसंधान, स्वास्थ्य सेवा, चिकित्सा अनुसंधान और अन्य विविध क्षेत्रों में काम कर रहे हैं। पीएम मोदी ने अपने आधिकारिक आवास 7 लोक कल्याण मार्ग पर सुबह भारतीय एआई स्टार्टअप के साथ बैठक की। यह बैठक इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 से पहले हुई है, जो कि अगले महीने भारत में होने वाला है। पीएम मोदी की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में वह 12 एआई स्टार्टअप्स शामिल हुए हैं, जिन्होंने एआई फॉर ऑलः ग्लोबल इम्पैक्ट चैलेंज के लिए क्वालिफाइ किया है। बैठक में प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि स्टार्टअप और एआई उद्यमी भारत के भविष्य के सह-निर्माता हैं और कहा कि देश में इनोवेशन और बड़े पैमाने पर कार्यान्वयन दोनों की अपार क्षमता है।

उन्होंने आगे कहा कि भारत को दुनिया के सामने एक ऐसा अनूठा एआई मॉडल प्रस्तुत करना चाहिए जो मेड इन इंडिया, मेड फॉर द वर्ल्ड की भावना को दर्शाता हो। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत पर दुनिया का भरोसा ही देश की सबसे बड़ी ताकत है। इस कारण भारतीय एआई मॉडल नैतिक, निष्पक्ष, पारदर्शी और डेटा गोपनीयता सिद्धांतों पर आधारित होने चाहिए। साथ ही कहा कि भारत किफायती एआई, समावेशी एआई और किफायती इनोवेशन को वैश्विक स्तर पर बढ़ावा दे सकता है। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि भारतीय एआई मॉडल विशिष्ट होने चाहिए और स्थानीय एवं स्वदेशी सामग्री तथा क्षेत्रीय भाषाओं को बढ़ावा देने वाले हो। इस बैठक में अवतार, भारतजेन, फ्रैक्टल, गैन, जेनलोप, ज्ञानी, इंटेलीहेल्थ, सर्वम, शोध एआई, सॉकेट एआई, टेक महिंद्रा और जेंटिक सहित भारतीय एआई स्टार्टअप्स के सीईओ, प्रमुख और प्रतिनिधि शामिल हुए।

## आतिशी के बयान से शिरोमणि अकाली दल और कांग्रेस खफा

**नयी दिल्ली, यूटर्न/ 08 जनवरी।** शिरोमणि अकाली दल (पुनर सुरजीत) के अध्यक्ष ज्ञानी हरप्रीत सिंह ने आम आदमी पार्टी की सीनियर लीडर आतिशी की विधानसभा में सिख गुरुओं के बारे में कही गई कथित अपमानजनक टिप्पणी की कड़ी निंदा की है। उन्होंने टिप्पणी को बहुत निंदनीय बताते हुए कहा कि इस मामले में शामिल आम आदमी पार्टी के नेता को तुरंत माफी मांगनी चाहिए। ज्ञानी हरप्रीत सिंह ने इस बारे में ट्वीट किया और कहा कि सिख गुरुओं के खिलाफ ऐसी भाषा किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने आम आदमी पार्टी पंजाब के प्रेसिडेंट अमन अरोड़ा को भी चेतावनी दी और उनसे अपनी पार्टी के नेता से तुरंत माफी मांगने को कहा। वहीं पंजाब कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और विधायक परगट सिंह ने दिल्ली विधानसभा में आम आदमी पार्टी की नेता आतिशी द्वारा सिख गुरुओं को लेकर की गई टिप्पणी की कड़े शब्दों में निंदा की है। उन्होंने कहा कि दिल्ली विधानसभा जैसे पवित्र लोकतांत्रिक मंच पर सिख गुरु साहिबानों के बारे में अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल करना बेहद निंदनीय और अस्वीकार्य है।

## ममता ने छापेमारी में डाली बाधा, सबूत किये जब्त: ईडी

» **नयी दिल्ली, यूटर्न/ 08 जनवरी।**



प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर अनूप माझी और अन्य से जुड़े हवाला कारोबार के मामले में ईडी की कार्रवाई में बाधा डालने और सबूत जब्त करने का आरोप लगाया है।

ईडी ने गुरुवार को कहा कि वह अनूप माझी और अन्य से जुड़े हवाला कारोबार रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) मामले में कोलकाता में छापेमारी कर रही थी और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री के आने तक यह कार्रवाई शांतिपूर्वक और पेशेवर तरीके से चल रही थी। इसी दौरान सुश्री बनर्जी काफी संख्या में पुलिस अधिकारियों के साथ प्रतीक जैन के आवासीय परिसर में घुस गयीं और भौतिक दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस सहित अहम सबूत हटा दिये। एजेंसी ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री का काफिला फिर भारतीय राजनीतिक कार्रवाई समिति (आई-पीएसी) के ऑफिस पहुंचा, जहां से सुश्री बनर्जी, उनके सहयोगियों और राज्य पुलिस कर्मियों ने जबरन अतिरिक्त डॉक्यूमेंट और इलेक्ट्रॉनिक सबूत हटा दिये। ईडी का मामला 2020 में दर्ज केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की प्राथमिकी (एफआईआर) पर आधारित है। जांच के दौरान एजेंसी ने दावा किया कि उसने अनूप माझी के नेतृत्व वाले एक कोयला तस्करी सिंडिकेट का पर्दाफाश किया है, जिसने कथित तौर पर पश्चिम बंगाल में ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (ईसीएल) के लीज वाले इलाकों से कोयला चुराया।

## आतिशी ने जानबूझकर किया गुरुओं का अपमान : मिश्रा



**नयी दिल्ली, यूटर्न/ 08 जनवरी।** दिल्ली के कला एवं संस्कृति मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा है कि नेता विपक्ष आतिशी जिस प्रकार खुद को सही साबित करने की कोशिश कर रही है उससे साबित होता है कि उन्होंने गुरुओं का अपमान जानबूझकर किया है। श्री मिश्रा ने विधानसभा परिसर में पत्रकारों से गुरुवार को कहा कि इस सदन में नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने एक बहुत बड़ा पाप किया है। गुरुओं का अपमान किया और एक पेशेवर अपराधी की तरह वो अपराध करके फरार हैं। सदन के अंदर आने की उनकी हिम्मत नहीं हो रही है। अध्यक्ष ने कई बार उनको बुलाया, उसके बाद भी वह सदन में नहीं आयीं। उन्होंने कहा कि कि सुश्री आतिशी का व्यवहार एक अपराधी जैसा है कि पहले अपराध करते हैं और उसके बाद फरार हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि सुश्री आतिशी ने जिस प्रकार के बयान सदन के बाहर दिए, वह विधानसभा का भी अपमान है..

# संतों के लिए अपमानजनक शब्द बोलने वालों को बख्शा नहीं जाएगा : इंद्राज

» **नयी दिल्ली, यूटर्न/ 08 जनवरी।**

दिल्ली के समाज कल्याण मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने गुरुवार को कहा कि यह देश संतों की भूमि है और संतों के लिए अपमानजनक शब्दों का प्रयोग करने वालों को न तो छोड़ा जाएगा और न ही माफ किया जाएगा।

श्री सिंह ने विधानसभा परिसर में मीडिया से बातचीत में विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि यह देश संतों की भूमि है और संतों के लिए अपमानजनक शब्दों का प्रयोग करने वालों को न तो छोड़ा जाएगा और न ही माफ किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि संतों ने देश और धर्म की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी है।

ऐसे में उनके खिलाफ किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक टिप्पणी निंदनीय है और इसे किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार भारतीय संस्कृति, परंपरा और सनातन मूल्यों के संरक्षण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

सनातनियों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

प्रदूषण के मुद्दे पर नेता विपक्ष आतिशी की



भूमिका पर सवाल उठाते हुए समाज कल्याण मंत्री ने कहा कि दिल्लीवासी अच्छी तरह देख और समझ रहे हैं कि नेता प्रतिपक्ष प्रदूषण जैसे गंभीर विषय को लेकर कितनी संवेदनशील हैं।

श्री इन्द्राज ने कहा कि 11 वर्षों तक दिल्ली में प्रदूषण को लेकर लापरवाही बरतने वाली सरकार अब राजनीति कर रही है।

वर्तमान सरकार जब प्रदूषण जैसे गंभीर विषय पर चर्चा और समाधान चाहती है, उसी समय नेता प्रतिपक्ष का गोवा दूर पर चले जाना यह दर्शाता है कि उन्हें जनता की समस्या से नहीं बल्कि सिर्फ राजनीति से मतलब है।

## फटाफट खबरें

### फायरिंग करने वाले थार सवार पुलिस पकड़ से बाहर

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 08 जनवरी।** हाईटेक संशाधनों से लैस कमिश्नरेट पुलिस फायरिंग करने वाले थार सवार आरोपियों को चार दिन बाद भी गिरफ्तार नहीं कर पाई हैं। परिजनों ने आरोपियों से कोई सरोकार न होने की बात कहकर पीछा छुड़ा लिया है। ऐसे में पुलिस तीन दिनों से आरोपियों की तलाश में उत्तराखंड, नोएडा और दिल्ली में दबिश दे रही है। एसीपी नंदग्राम उपासना पांडेय ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी को तीन टीम गठित की गई हैं। थार सवारों की लोकेशन आसपास के जनपदों में मिली है। तीन दिनों से एक टीम उत्तराखंड में डेरा जमाए हैं। आरोपी इतने शातिर हैं कि परिजनों से संपर्क साधकर ठिकाना बदल रहे हैं। बताया कि सभी आरोपियों की उम्र 22 से 27 वर्ष के बीच है। नामजद आरोपियों में एक आरोपी के खिलाफ मारपीट तो एक अन्य के खिलाफ सड़क हादसे का मुकदमा दर्ज है। बताया कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। नंदग्राम थाना पुलिस की लापरवाही का आलम ये है कि शीशे पर लिखवाए गए जाट-008 वाली बगैर नंबर प्लेट की थार की बाबत भी जानकारी नहीं जुटा पाई है। हालांकि पुलिस का दावा है कि एक-दो दिन में सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उधर, पीड़ित हर्ष के पिता ने आरोपियों के डर से अपना किराना स्टोर बंद कर दिया है। उनका कहना है कि आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद ही वह किराना स्टोर खोलेंगे।

### प्लाईवुड इकाइयों के लिए क्वालिटी कंट्रोल ऑर्डर किया अनिवार्य

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 08 जनवरी।** भारतीय मानक ब्यूरो की ओर से प्लाइवुड बनाने वाली इकाइयों के लिए क्वालिटी कंट्रोल ऑर्डर अनिवार्य कर दिया गया है। ताकि प्लाइवुड का उत्पादन गुणवत्ता के साथ हो। जिले में वर्तमान में 50 से अधिक ऐसी इकाइयों का संचालन किया जा रहा है। उद्योग विभाग के संयुक्त आयुक्त श्रीनाथ पासवान ने बताया कि इसके अनुसार केवल क्वालिटी प्रोडक्ट्स तैयार किए जाने हैं। इसी क्रम में नई नियमावली लागू की गई है। बताया कि कई उत्पादों के लिए अब क्वालिटी कंट्रोल ऑर्डर अनिवार्य है। बिना मानक मुहर के उत्पादों की बिक्री अवैध मानी जाएगी। यदि विभाग की जांच में क्वालिटी खराब पाई जाती है, तो भारी जुमार्ने के साथ-साथ जेल भेजने का भी प्रावधान है।

### एक साल में जारी किए गए रिकॉर्ड साढ़े तीन लाख पासपोर्ट

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 08 जनवरी।** इस बार एक साल में क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय ने रिकार्ड साढ़े तीन लाख पासपोर्ट बनाए हैं। पिछले तीन वर्षों में यह सबसे अधिक पासपोर्ट बनने की संख्या है। क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी अनुज स्वरूप ने बताया कि वर्ष 2025 में कुल 3,55,094 पासपोर्ट बनाए गए हैं और 11,308 पुलिस क्लीयरेंस सर्टिफिकेट (पीसीसी) जारी किए हैं। यह अब तक क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय में बने किसी भी वर्ष में जारी किए गए अधिकतम पासपोर्ट की संख्या है। उन्होंने बताया कि डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्रों में आवेदकों को बेहतर सुविधाएं देने के लिए पासपोर्ट और पीसीसी एप्वाइंटमेंट की संख्या लगभग दोगुनी की गयी है जिससे आवेदकों को समय पर पासपोर्ट सेवाएं मिल सकें। लंबित मामलों के निस्तारण के लिए सोमवार से लेकर बृहस्पतिवार तक सुबह दस बजे से दोपहर एक बजे तक वॉक इन सुविधा है जिसमें वह बिना ऑनलाइन अपॉइंटमेंट कार्य हो जाता है।

# प्रमोद तिवारी ने जी राम जी योजना पर कांग्रेस की राय दी

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 08 जनवरी।**



कांग्रेस के राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने विकसित भारत- जी राम जी योजना को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि जनता को जब योजना की खामियों के बारे में पता चलेगा तो वह भाजपा को भगाने का काम करेगी। समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत में प्रमोद तिवारी ने कहा, लोगों को अभी पूरी तरह से यह एहसास नहीं है कि जब यह 60-40 का अनुपात लागू होगा, तो यह योजना असल में बंद हो जाएगी। लोगों को पता नहीं है कि गारंटी हटा दी गई है। उन्हें ठीक से समझ नहीं आ रहा है कि ह्यमनरेगाह्व में जो नया बदलाव किया गया है, उसमें इस सरकार ने सिर्फ गांधी का नाम ही नहीं हटाया है, बल्कि फैसले पहले स्थानीय स्तर पर जरूरत के हिसाब से लिए जाते थे और उसी हिसाब से लागू होते थे, अब वे ऊपर से तय किए जाएंगे कि उन्हें कहां लागू किया जाएगा। तो जब जनता को यह पता चलेगा, तो वे भारतीय जनता पार्टी को भगाने का काम करेगी।

कांग्रेस सांसद ने दिल्ली के तुर्कमान गेट इलाके में हुई पथराव की घटना पर भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, यह एक प्रशासनिक नाकामी थी। अगर हाईकोर्ट के आदेश पर तोड़फोड़ करनी थी, तो पहले आसपास के लोगों से बात करनी चाहिए थी और उन्हें भरोसा दिलाना चाहिए था कि मस्जिद को नहीं छुआ जाएगा, बल्कि सिर्फ मस्जिद परिसर के अंदर बनी इमारतों को तोड़ा जाएगा। जनता को जानकारी देने में कोई नुकसान नहीं था। उन्होंने सवाल उठाया कि अगर प्रशासन को कार्रवाई करनी चाहिए थी तो वह दिन के उजाले में क्यों नहीं की गई? इसे रात में क्यों शुरू किया गया? कांग्रेस सांसद ने आरोप लगाया कि प्रशासन ने खुद ऐसा माहौल बनाया जिससे पूरी तरह गलतफहमी फैली। मैं इसे दिल्ली प्रशासन की एक ऐतिहासिक गलती मानता हूं। भारत की जीडीपी ग्रोथ पर भी कांग्रेस सांसद ने सवाल खड़े किए। उन्होंने भारतीय अर्थव्यवस्था को डेड इकोनॉमी बताया। प्रमोद तिवारी ने कहा, ऐसा (जीडीपी ग्रोथ) आमतौर पर साल की शुरूआत और आखिर में होता है। बातों को बढ़ा-चढ़ाकर बताया जाता है।

# अवैध कब्जे पर चला बुलडोजर, करीब 830 करोड़ रुपए की भूमि अवैध कब्जों से मुक्त

» **नोएडा, यूटर्न/ 08 जनवरी।**



नोएडा प्राधिकरण ने अवैध अतिक्रमण के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए एक बड़ी और निर्णायक कार्रवाई को अंजाम दिया। प्राधिकरण की इस व्यापक मुहिम के तहत करीब 830 करोड़ रुपए मूल्य की सरकारी भूमि को अवैध कब्जाधारियों से मुक्त कराया गया। यह कार्रवाई नोएडा के विभिन्न क्षेत्रों में एक साथ की गई, जिससे अवैध निर्माण करने वालों और अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया। अधिकारियों के मुताबिक, यह अभियान नियोजित विकास को बनाए रखने और सरकारी भूमि की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाया गया। कार्रवाई के दौरान भारी पुलिस बल, प्राधिकरण की टीम, प्रवर्तन विभाग और वर्क सर्किल के अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। गुरुवार को वर्क सर्किल-8 द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करते हुए ग्राम भंगेल बेगमपुर स्थित खसरा संख्या 58 में अवैध रूप से कब्जाई गई भूमि को खाली कराया गया। इस कार्रवाई में लगभग 2000 वर्ग मीटर भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया। यहां लंबे समय से अवैध निर्माण और कब्जे की शिकायतें मिल रही थीं, जिसके बाद जांच कर कार्रवाई की गई।

इसी क्रम में गुरुवार को सेक्टर-143 के अंतर्गत ग्राम सुथियाना के डूब क्षेत्र में नोएडा प्राधिकरण की अर्जित एवं कब्जा भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। इस क्षेत्र में लगभग 75,000 वर्ग मीटर भूमि पर अवैध कब्जा पाया गया था। डूब क्षेत्र होने के कारण यह भूमि पर्यावरण और जल निकासी की दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील मानी जाती है, जिस पर अतिक्रमण से भविष्य में गंभीर समस्याएं उत्पन्न हो सकती थीं।

### ग्रेटर नोएडा के डेल्टा-1 में दूसरे दिन स्वास्थ्य विभाग का मेडिकल कैंप, 158 घरों का हुआ सर्वे

» **ग्रेटर नोएडा, यूटर्न/ 08 जनवरी।**

ग्रेटर नोएडा के सेक्टर डेल्टा-1 में स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगातार दूसरे दिन भी मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। यह कैंप सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डाढ़ा, दनकौर की टीम द्वारा लगाया गया, जिसका उद्देश्य क्षेत्र में लोगों के स्वास्थ्य की स्थिति का आकलन करना और संभावित बीमारियों की समय रहते पहचान कर उपचार उपलब्ध कराना था। स्वास्थ्य विभाग की इस सक्रिय पहल से स्थानीय लोगों को बड़ी राहत मिली है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी गौतमबुद्धनगर डॉ. नरेंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डाढ़ा, दनकौर के चिकित्सा अधीक्षक के निर्देशन में यह मेडिकल कैंप आयोजित किया गया।

कैंप के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग की कुल तीन सर्वे टीमें गठित की गईं, जिन्होंने क्षेत्र में घर-घर जाकर स्वास्थ्य सर्वेक्षण किया। इस दौरान कुल 158 घरों को कवर किया गया और प्रत्येक परिवार के सदस्यों की स्वास्थ्य स्थिति की जांच की गई।

सर्वेक्षण के दौरान विभिन्न प्रकार की सामान्य बीमारियों से प्रभावित मरीजों की पहचान की गई। प्राप्त आंकड़ों के अनुसार कुल सात मरीज बीमार पाए गए, जिनमें एक मरीज दस्त से पीड़ित मिला, एक मरीज को उल्टी की शिकायत थी, दो मरीज बुखार से ग्रसित पाए गए, जबकि तीन मरीज सर्दी-जुकाम से प्रभावित मिले। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सभी मरीजों को प्राथमिक उपचार प्रदान किया और आवश्यक दवाइयां भी उपलब्ध कराई गईं।

# दिल्ली पुलिस से मुठभेड़ में गैंगस्टर राजेश बवानिया गैंग का बदमाश घायल, गिरफ्तार

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 08 जनवरी।**



दिल्ली के बवाना इलाके में गुरुवार सुबह पुलिस की स्पेशल सेल और गैंगस्टर राजेश बवानिया के गैंग से जुड़े बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। इस दौरान राजेश बवानिया के रिश्तेदार और गैंग के सदस्य अंकित मान के पैर में गोली लग गई।

गोली लगने के बाद पुलिस ने उसे मौके पर ही काबू में ले लिया। घायल अवस्था में अंकित मान को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत फिलहाल स्थिर बनी हुई है।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, स्पेशल सेल को अंकित मान के इलाके में छिपे होने की पुख्ता सूचना मिली थी। इसी इनपुट के आधार पर सुबह तड़के एक टीम को मौके पर भेजा गया। जैसे ही पुलिस ने उसे घेरने की कोशिश की। आरोपी ने खुद को बचाने के लिए फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की, जिसमें आरोपी घायल हो गया और मौके पर ही काबू कर लिया गया।

पुलिस का कहना है कि अंकित मान लंबे समय से फरार चल रहा था और कई गंभीर मामलों में वांछित था। उस पर हत्या, फिरौती वसूली और जबरन पैसे मांगने यानी एक्सटॉर्शन जैसे संगीन आरोप हैं। जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी विदेश भागने की फिराक में था। उसकी योजना विदेश जाकर अपने गैंग का नेटवर्क खड़ा करने और वहीं से आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देने की थी।

राजेश बवानिया दिल्ली-एनसीआर का जाना-माना गैंगस्टर है, जो इस समय जेल में बंद है, लेकिन जेल से ही अपने गिरोह को चलाने के आरोप उस पर लगते रहे हैं।

> पुलिस अधिकारियों के अनुसार, स्पेशल सेल को अंकित मान के इलाके में छिपे होने की पुख्ता सूचना मिली थी। इसी इनपुट के आधार पर सुबह तड़के एक टीम को मौके पर भेजा गया।

### व्यापारी के आत्मदाह मामले में होगी शोरूम संचालक दंपती की गिरफ्तारी

**साहिबाबाद, यूटर्न/ 08 जनवरी।** शालीमार गार्डन के प्लॉट नंबर 700 निवासी ऑटोमोबाइल पार्ट्स व वाहन विक्रेता निखिल तनेजा के आत्मदाह मामले में साहिबाबाद पुलिस जल्द ही संगम होंडा शोरूम के मालिक प्रीति नरूला और उनके पति रोहित नरूला को गिरफ्तार कर सकती है। इनके अलावा शोरूम के ही प्रबंधक अंकित त्यागी और कोषाध्यक्ष इनायत की तलाश में भी पुलिस है। आरोपियों के खिलाफ आत्महत्या को उकसाने के आरोप में निखिल तनेजा की पत्नी ने प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

मामला 18 दिसंबर 2025 का है। नोटिस भेजने के बावजूद आरोपी न तो बयान दर्ज कराने पहुंचे और न ही अपना पक्ष रखा है। निखिल तनेजा अंबे मोटर्स के नाम से डीलर एजेंसी के मालिक थे। संगम होंडा शोरूम (सनगिरी) से उनकी साझेदारी थी। शोरूम से सामान व वाहन बिकवाने पर उन्हें कमीशन मिलता था। उनकी पत्नी सोनिया तनेजा का आरोप है कि संगम होंडा शोरूम की तरफ से उनके पति का कमीशन हड़प लिया गया। यह रकम बड़ी थी। व्यापार में आर्थिक नुकसान के चलते पति ने 18 दिसंबर को अपने आराधना मार्ग स्थित शोरूम में खुद को आग लगा ली थी।

## दिल्ली पुलिस ने 2025 में 548 अवैध विदेशी नागरिकों की पहचान की, सबसे ज्यादा बांग्लादेशी

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 08 जनवरी।**



दिल्ली आउटर डिस्ट्रिक्ट पुलिस ने 2025 में अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों के खिलाफ बड़ा अभियान चलाया। साल भर चले इस मुहिम में 548 विदेशी नागरिकों की पहचान की गई, जो बिना वैध वीजा या दस्तावेजों के यहां रह रहे थे। इन सभी को गिरफ्तार कर विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ) के सामने पेश किया गया, जहां से उन्हें देश से निकाले जाने का आदेश मिला और डिटेंशन सेंटर भेज दिया गया।

यह अभियान डिप्टी कमिश्नर ऑफ पुलिस (डीसीपी) आउटर डिस्ट्रिक्ट सचिन शर्मा के नेतृत्व में चलाया गया। पुलिस की विभिन्न इकाइयों और पुलिस स्टेशनों की विशेष टीमों ने मिलकर यह कार्रवाई की। सबसे ज्यादा मामलों में फॉरेनर्स सेल ने 318 विदेशियों की पहचान की। इसके बाद निहाल विहार पुलिस स्टेशन ने 134, मुंडका ने 87, रनहोला ने 5, रानी बाग ने 1, पश्चिम विहार ईस्ट ने 1 और साइबर पुलिस स्टेशन ने 2 विदेशियों को पकड़ा। ये टीमें पूरे साल सतर्क रहीं और इलाके में छापेमारी कर अवैध रहवासियों का पता लगाती रहीं।

गिरफ्तार किए गए लोगों में विभिन्न देशों के नागरिक शामिल थे। इनमें सबसे ज्यादा संख्या बांग्लादेश के नागरिकों की थी, जिनकी तादाद 380 रही। इसके अलावा, नाइजीरिया के 111 नागरिक पकड़े गए, आइवरी कोस्ट के 17, घाना के 13, सेनेगल और कैमरून के 10-10, नाइजर के 2 तथा लाइबेरिया, रूस, गिनी, सिएरा लियोन और गाम्बिया के एक-एक नागरिक पकड़े गए। ये सभी लोग लंबे समय से बिना वैध दस्तावेजों के आउटर डिस्ट्रिक्ट के अलग-अलग इलाकों में रह रहे थे। कई तो वीजा खत्म होने के बाद भी यहां रुके हुए थे।

पुलिस का कहना है कि यह कार्रवाई जिले को सुरक्षित और अनधिकृत प्रवास से मुक्त रखने की निरंतर कोशिश का हिस्सा थी।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# सीबीआई ने 58 लाख रुपए के सीमा शुल्क धोखाधड़ी मामले में घोषित अपराधी को गिरफ्तार किया

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 08 जनवरी।

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने सीमा शुल्क विभाग से जुड़े 58 लाख रुपए के धोखाधड़ी मामले में लंबे समय से फरार घोषित अपराधी सरित विज उर्फ शरत कुमार विज को गिरफ्तार कर लिया है। एजेंसी ने गुरुवार को एक आधिकारिक बयान में कहा कि उसकी गिरफ्तारी में सूचना देने वाले को 10,000 रुपए का इनाम देने की घोषणा की गई थी। जांच एजेंसी की प्रेस नोट में बताया गया कि सीबीआई ने 1 जून, 1999 को दिल्ली के तुगलकाबाद स्थित अंतर्देशीय कंटेनर डिपो (आईसीडी) के तत्कालीन अधीक्षक जोसेफ कुओक और अन्य आरोपियों के खिलाफ सीमा शुल्क विभाग को लगभग 58 लाख रुपए की धोखाधड़ी करने के आरोप में मामला दर्ज किया था।

जांच के दौरान सरित विज की भूमिका सामने आई। वह मेसर्स पीएस इंटरनेशनल नामक फर्म में भागीदार था, जिसने कथित तौर पर सीमा शुल्क विभाग के साथ फर्जी ड्यूटी ड्रॉबैक दावे दाखिल कर लगभग 19 लाख रुपए की




धोखाधड़ी से वापसी की मांग की थी। जांच पूरी होने के बाद विजय के खिलाफ अन्य सह-आरोपियों के साथ आरोप पत्र दायर किया गया।

हालांकि, 2003 में आरोपपत्र दाखिल होने के बाद सरित विज अदालत में पेश नहीं हुआ और मुकदमे की पूरी अवधि के दौरान फरार रहा। जांच एजेंसी के निरंतर प्रयासों के बावजूद कई वर्षों तक उसका पता नहीं चल सका।

सभी निर्धारित कानूनी औपचारिकताओं को पूरा करने के बाद, अदालत ने 30 जनवरी, 2004 को सरित विज को भगोड़ा घोषित कर दिया। इसके बाद, उसके ठिकाने और गिरफ्तारी की जानकारी देने वाले को 10,000 रुपए का इनाम घोषित किया गया।

आगे की जांच और जमीनी सत्यापन से पता चला कि आरोपी ने अपनी पहचान बदलकर सरत कुमार विज कर ली थी और वह नोएडा में रह रहा था। सीबीआई ने पाया कि उसने कानून प्रवर्तन एजेंसियों से बचने के लिए बदले हुए नाम से पैन कार्ड, आधार कार्ड और पासपोर्ट सहित नए पहचान पत्र बनवा लिए थे।

इन सूचनाओं के आधार पर, सीबीआई ने तकनीकी विश्लेषण की सहायता से एक सुनियोजित अभियान चलाया और बुधवार, 7 जनवरी, 2026 को नोएडा स्थित उसके नए आवास से घोषित अपराधी को सफलतापूर्वक गिरफ्तार कर लिया। सीबीआई धोखाधड़ी के मामलों की सक्रिय रूप से जांच करती है, जिसके परिणामस्वरूप सरकारी कर्मचारियों और निजी व्यक्तियों को कारावास और भारी जुर्माने सहित सजाएं मिलती हैं।




# आयुष्मान अस्पतालों को 30 दिन में भुगतान, इलाज में लापरवाही नहीं करने के निर्देश

» लखनऊ, यूटर्न/ 08 जनवरी।

योगी सरकार गरीबों और जरूरतमंदों को बेहतर, सुलभ और समयबद्ध स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में लगातार प्रभावी कदम उठा रही है। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत इलाज कराने वाले परिवारों के लिए जहां कैशलेस उपचार सुनिश्चित किया गया है, वहीं योजना से जुड़े अस्पतालों को समय पर भुगतान सुनिश्चित कर व्यवस्था को और मजबूत किया जा रहा है।

इसी का नतीजा है कि पिछले एक वर्ष में आयुष्मान योजना के क्लेम निस्तारण में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। स्टेट एजेंसी फॉर कॉम्प्रिहेंसिव हेल्थ एंड इंटीग्रेटेड सर्विसेज (साचीज) की सीईओ अर्चना वर्मा ने बताया कि आयुष्मान भारत योजना के तहत प्रदेश के सूचीबद्ध सरकारी एवं निजी अस्पतालों द्वारा प्रस्तुत क्लेम के त्वरित और पारदर्शी निस्तारण के लिए लगातार सुधारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं। जनवरी 2025 में जहां क्लेम की पेंडेंसी 10 लाख 75 हजार तक पहुंच




गई थी, वहीं दिसंबर 2025 तक यह घटकर मात्र 3 लाख रह गई है। इसे भी जल्द ही निस्तारित कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश में योजना के तहत प्रति माह औसतन 2 लाख से अधिक क्लेम अस्पतालों से प्राप्त होते हैं। इतनी बड़ी संख्या में आने वाले क्लेम का समयबद्ध निस्तारण एक बड़ी चुनौती है। इसके बावजूद यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि पुराने लंबित मामलों के साथ-साथ नए क्लेम का भी नियमित और सुव्यवस्थित तरीके से निस्तारण हो। इसका मुख्य उद्देश्य यह है कि सूचीबद्ध अस्पताल बिना हीलाहवाली के आयुष्मान कार्ड धारकों का इलाज सुनिश्चित करें।

साचीज की एसीईओ पूजा यादव ने बताया कि क्लेम निस्तारण प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और तेज बनाने के लिए मेडिकल ऑडिट व्यवस्था को सुदृढ़ किया गया है। इसी क्रम में मेडिकल ऑडिटरों की संख्या 40 से बढ़ाकर 130 कर दी गई है। इससे क्लेम की जांच प्रक्रिया तेज हुई है। इसके साथ ही क्लेम प्रोसेसिंग डेस्क (सीपीडी) की संख्या भी 100 से बढ़ाकर 125 कर दी गई है। योजना के तहत अस्पतालों द्वारा प्रस्तुत क्लेम्स का भुगतान 30 दिनों की निर्धारित समय-सीमा यानी टर्न अराउंड टाइम (टीएटी) के भीतर किया जाए। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए एजेंसी स्तर पर नियमित समीक्षा बैठकें की जा रही हैं और लंबित मामलों की सतत निगरानी की जा रही है।

# विकसित भारत 2047 के संकल्प को साकार करने में युवाओं की भूमिका अहम : वीरेन्द्र महत्ता



» राजेश सलूजा

**वीरेन्द्र महत्ता ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा युवाओं, किसानों, महिलाओं और गरीब वर्ग के लिए चलाई जा रही योजनाएं प्रदेश को विकास की नई दिशा दे रही हैं। भाजपा सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के मंत्र पर चलते हुए अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है।**

हरियाणा, यूटर्न/ 08 जनवरी। भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला महामंत्री वीरेन्द्र महत्ता ने कहा कि विकसित भारत 2047 का संकल्प प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व का परिणाम है, जो देश को आत्मनिर्भर, सशक्त और विश्वगुरु बनाने की दिशा में निरंतर आगे बढ़ा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले दस वर्षों में सुशासन, पारदर्शिता और विकास को देश की पहचान बना दिया है।

वीरेन्द्र महत्ता ने कहा कि आज भारत विश्व पटल पर एक मजबूत राष्ट्र के रूप में उभरा है। डिजिटल इंडिया, मेक इन इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, आत्मनिर्भर भारत जैसे अभियान युवाओं को रोजगार और नवाचार के नए अवसर प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विकसित भारत 2047 केवल एक लक्ष्य नहीं, बल्कि हर भारतीय का सपना है, जिसे साकार करने में युवाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है।

उन्होंने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की भी प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में प्रदेश विकास, कानून-व्यवस्था और जनकल्याणकारी योजनाओं के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रहा है। मुख्यमंत्री नायब सैनी जमीनी स्तर से जुड़े हुए नेता हैं, जो आम जनता की समस्याओं को प्राथमिकता से हल कर रहे हैं। वीरेन्द्र महत्ता ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा युवाओं, किसानों, महिलाओं और गरीब वर्ग के लिए चलाई जा रही योजनाएं प्रदेश को विकास की नई दिशा दे रही हैं। भाजपा सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के मंत्र पर चलते हुए अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के संकल्प को अपना लक्ष्य बनाकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं और देश को आत्मनिर्भर एवं समृद्ध बनाने में योगदान दें।

## प्रोजेक्ट वीर गाथा में रिकॉर्ड 1.92 करोड़ छात्रों की भागीदारी

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 08 जनवरी।** इस वर्ष करीब 1.92 करोड़ छात्रों ने प्रोजेक्ट वीर गाथा में हिस्सा लिया। ये छात्र देश-विदेश के 1.90 लाख स्कूलों से जुड़े हुए हैं। प्रोजेक्ट वीर गाथा गणतंत्र दिवस समारोह के तहत रक्षा मंत्रालय और शिक्षा मंत्रालय की एक संयुक्त पहल है। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, वर्ष 2021 में इस प्रोजेक्ट की शुरूआत के बाद यह अब तक की सर्वाधिक भागीदारी वाला संस्करण बन गया है। इस बार वीर गाथा 5.0 की शुरूआत 8 सितंबर 2025 को की गई थी। छात्रों की रचनात्मक भागीदारी बढ़ाने के लिए इस साल कई नवीन विशेषताएं भी इसमें जोड़ी गईं। पहली बार शॉर्ट-वीडियो प्रारूप जैसे कि वीडियोग्राफी, एंकरिंग, रिपोर्टिंग और स्टोरीटेलिंग को शामिल किया गया। छात्रों को सामरिक परंपरा, भारत की समृद्ध सैन्य परंपराओं, रणनीतियों, अभियानों और वीर गाथाओं पर आधारित सामग्री तैयार करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। वीर गाथा 5.0 पहल के अंतर्गत छात्रों ने कलिंग के राजा खारवेल, पृथ्वीराज चौहान, छत्रपति शिवाजी महाराज, 1857 के स्वतंत्रता संग्राम के वीरों, तथा जनजातीय आंदोलनों के नेताओं सहित अनेक महान भारतीय योद्धाओं के अदम्य साहस और सैन्य रणनीतियों का अध्ययन किया। रक्षा मंत्रालय का कहना है कि विषयों की इस विविधता से न केवल प्रविष्टियों की गुणवत्ता में वृद्धि हुई, बल्कि विद्यार्थियों की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक समझ भी गहरी हुई।

# कानपुर में नाबालिक से गैंगरेप में यूट्यूबर गिरफ्तार, दरोगा फरार, डीसीपी हटे, इंस्पेक्टर सस्पेंड

**गैंगरेप के आरोपी दरोगा की तलाश में लगातार जुटीं पुलिस की चार टीमें, सुराग अबतक नहीं**

» सुनील बाजपेई

कानपुर, यूटर्न/ 08 जनवरी। यहां कानून और आमजन के रक्षक कहे जाने वाले पुलिस वाले और चौथे खंबे माने जाने वाले तथा कथित पत्रकार वासना के भूखे भेड़िए साबित हो रहे हैं। इस कथन की पुष्टि हुई सचेंडी थाना क्षेत्र में जहां एक दरोगा और एक यूट्यूबर ने मिलकर अपहरण करने के बाद एक नाबालिग के साथ सामूहिक बलात्कार किया। चर्चा का विषय बने इस मामले में यूट्यूबर को गिरफ्तार करने के साथ ही न केवल इंस्पेक्टर विक्रम सिंह को सस्पेंड कर दिया गया है, बल्कि इलाके के डीसीपी को भी हटा दिया गया है।

वही मामले में फरार दरोगा की तलाश में पुलिस की चार टीमें में लगाई गई है लेकिन समाचार लिखे जाने तक उसे गिरफ्तार करने में सफलता नहीं मिली है। वहीं पुलिस ने घटना में प्रयोग किए गए काले रंग की स्कॉर्पियो गाड़ी भी बरामद कर ली है। इस घटना में लापरवाही बरतने के आरोप में सचेंडी थाने के इंस्पेक्टर विक्रम सिंह को निलंबित कर दिया गया है। पीड़िता के भाई ने पुलिस को बताया था कि सोमवार




रात वह ड्यूटी से घर पहुंचा तो 14 वर्षीय बहन के बारे में घरवालों से पूछा। इस पर उन्होंने उसके शौच जाने की जानकारी दी। काफी देर बाद भी उसके न लौटने पर घरवालों ने खोजबीन शुरू की, लेकिन वह नहीं मिली। करीब एक घंटे बाद किशोरी रोते हुए घर पहुंची और बताया कि काले रंग की स्कार्पियो सवार दो युवकों ने अंधेरे का फायदा उठाकर उसे कार से अगवा कर झांसी रेलवे लाइन किनारे ले जाकर सामूहिक दुष्कर्म किया।

मामले में तहरीर दर्ज करने के बाद पुलिस ने जब छानबीन की तो दोनों आरोपियों का पता चला। पुलिस ने एक आरोपी शिवबरन यादव को गिरफ्तार कर लिया है। वो पेशे से यूट्यूबर १पत्रकार बताया जा रहा है। वहीं दूसरे आरोपी की पहचान अमित मौर्य के रूप में हुई है। अमित मौर्या भीमसेन चौकी का पूर्व इंचार्ज।

# सुप्रीम कोर्ट की सफाई, सड़कों से सभी कुत्तों को हटाने का ऑर्डर नहीं दिया

**कुत्तों पर हुई सुनवाई चूहे, बंदर से लेकर बिल्लियां तक आई**

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 08 जनवरी।

सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में सफाई देकर कहा कि सड़कों से सभी कुत्तों को हटाने का ऑर्डर नहीं दिया है। बल्कि निर्देश यह दिया था कि इन आवारा कुत्तों का इलाज एनिमल बर्थ कंट्रोल (एबीसी) नियमों के अनुसार होगा। आवारा कुत्तों के मामले में दलीलें सुनते हुए, सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कुत्ता उन लोगों को सूंघ सकता है जो या उनसे डरते हैं या जिन्हें कुत्ते ने



काटा है और वे इसतरह के लोगों पर हमला करते हैं। जस्टिस विक्रम नाथ, संदीप मेहता और एन वी अंजारिया की तीन-जजों की स्पेशल बेंच याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें कुत्ते प्रेमियों द्वारा दायर याचिकाएं भी शामिल थीं, जो अपने पहले के आदेशों में बदलाव और निर्देशों का सख्ती से पालन करने की मांग कर रहे थे। जस्टिस मेहता ने कहा, हमने सड़कों से सभी कुत्तों को हटाने का निर्देश नहीं दिया है। निर्देश यह है कि उनके साथ नियमों के अनुसार व्यवहार करें।

बेंच ने सीनियर एडवोकेट सी यू सिंह, कृष्णन वेणुगोपाल, ध्रुव मेहता, गोपाल शंकरनारायणन, श्याम दीवान, सिद्धार्थ लूथरा और करुणा नंदी सहित कई वकीलों की दलीलें सुनीं। सुनवाई की शुरूआत में, सीनियर वकील गौरव अग्रवाल, जो इस मामले में सुप्रीम कोर्ट की मदद कर रहे हैं, ने बताया कि चार राज्यों ने इस मामले में अपने अनुपालन हलफनामे दायर किए थे।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

## संक्षिप्त खबरें

### बिजली के खंभे को तोड़ने वाले आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**लोनी, यूटर्न/ 08 जनवरी।** गढ़ी कटैया गांव स्थित खड़े बिजली के खंभे को वाहन से टक्कर मारकर गिराने वाले आरोपी वाहन चालक के खिलाफ उर्जा निगम ने अंकुर विहार थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। रामेश्वर पार्क 33/11 विद्युत उपकेंद्र के अवर अभियंता मनीष कुमार ने बताया कि तेज रफ्तार वाहन ने गढ़ी कटैया गांव स्थित दादा भाई फार्म हाउस के निकट टक्कर मार कर चार बिजली के खंभे तोड़ दिए।
जानकारी करने पर पता चला कि टक्कर मारने वाला आरोपी वाहन चालक मनोज कुमार है जो ट्रांसपोर्ट की गाड़ी चलाता है। एसीपी अंकुर विहार ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### नैनीताल में इंजीनियर पति पर पत्नी ने लगाया कार चढ़ाने का आरोप

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 08 जनवरी।** नैनीताल सहकर्मी महिला दोस्त के साथ घूमने गए इंजीनियर पति के खिलाफ कमिश्नरेट पुलिस कार्रवाई करेगी। इंजीनियर की सहायक अध्यापिका पत्नी घायलावस्था में बुधवार को पुलिस कमिश्नर से मिली। पीड़िता का कहना है कि कार पहचानकर पति को रुकने का इशारा किया था। इसी दौरान महिला दोस्त ने चिल्लाकर उसके पति को कहा कि इसका खात्मा कर दो। उसके कहने पर इंजीनियर ने अपनी पत्नी पर कार चढ़ा दी। इससे वह कार के बोनट पर गिर गई और आरोपी 100 मीटर तक घसीटता ले गया। पुलिस आयुक्त जे. रविंदर गौड़ ने इंजीनियर और उसकी महिला मित्र के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। एसीपी वेव सिटी प्रियाश्री पाल ने बताया कि वेव सिटी थाना क्षेत्र की महिला के मुताबिक वह बहराईच में सहायक अध्यापिका है।

### पंचायत चुनाव की मतदाता सूची अब 28 मार्च को होगी जारी

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 08 जनवरी।** राज्य निर्वाचन आयोग ने पंचायत चुनाव के लिए चल रहे मतदाता पुनरीक्षण अभियान की समय सीमा बढ़ा दी है। अब दावे और आपत्तियों के निस्तारण सहित सभी प्रक्रियाएं 27 मार्च तक पूरी की जाएंगी और अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन अब छह फरवरी की जगह 28 मार्च को होगा।

# दिल्ली तुर्कमान गेट मामला : पुलिस ने यूट्यूबर सलमान की तलाश तेज की, माहौल बिगाड़ने की कोशिश का आरोप

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 08 जनवरी।**

दिल्ली पुलिस ने तुर्कमान इलाके में हुई पत्थरबाजी की घटना के मामले में जांच तेज की है। इसी कड़ी में यूट्यूबर सलमान की तलाश में टीमें जुटी हैं। आरोप है कि सलमान ने सोशल मीडिया के जरिए माहौल बिगाड़ने की कोशिश की।

दिल्ली पुलिस के सूत्रों ने जानकारी दी कि इस मामले में यूट्यूबर सलमान की भी तलाश तेज कर दी गई है। उसने इलाके के लोगों को इकट्ठा होने की कॉल दी थी। जांच में यह भी सामने आया है कि इलाके के कुछ प्रभावशाली लोगों ने अपने-अपने व्हाट्सएप ग्रुप्स के जरिए लोगों को जमा होने के लिए उकसाया। इनका मकसद माहौल खराब करना और प्रशासन व पुलिस के काम में बाधा डालना था।

वहीं, पुलिस सूत्रों ने जानकारी दी है कि तुर्कमान इलाके में हुई पत्थरबाजी की घटना को लेकर समाजवादी पार्टी के सांसद मोहिबुल्लाह नदवी से भी पूछताछ हो सकती है। पत्थरबाजी की



घटना से पहले मोहिबुल्लाह नदवी मौके पर मौजूद थे। दिल्ली पुलिस के बड़े अधिकारियों के अनुरोध के बावजूद वह आसपास ही रहे थे। फिलहाल सूत्रों ने बताया है कि दिल्ली पुलिस जल्द सपा सांसद को जांच में शामिल होने के लिए समन भेजेगी।

इस मामले में पुलिस अब तक 30 लोगों की पहचान कर चुकी है। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज, बॉडी कैमरा और वायरल वीडियो के आधार पर 30 लोगों की पहचान की है। उन्होंने बताया कि पत्थरबाजी की घटना में 30 लोगों की पहचान होने के बाद उनकी गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई की जा रही है। दिल्ली पुलिस की टीमें लगातार छापेमारी कर रही हैं। बता दें कि दिल्ली के तुर्कमान गेट इलाके में बुधवार सुबह अवैध अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई के दौरान पुलिस टीम पर पथराव हुआ है।

## दिल्ली पुलिस ने तुर्कमान गेट पत्थरबाजी में 30 की पहचान, सपा सांसद से पूछताछ

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 08 जनवरी।**

दिल्ली पुलिस ने गुरुवार को बताया कि उन्होंने तुर्कमान गेट इलाके में फैज-ए-इलाही मस्जिद के पास नगर निगम के अतिक्रमण हटाने के अभियान के दौरान हुई हिंसा में शामिल 30 लोगों की पहचान कर ली है। यह पहचान सीसीटीवी फुटेज, पुलिसकर्मियों के बॉडी-वॉर्न कैमरे की रिकॉर्डिंग और इलाके के वायरल वीडियो के आधार पर की गई है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि समाजवादी पार्टी के सांसद मोहिबुल्लाह नदवी को जांच में शामिल होने के लिए जल्द ही समन भेजा जाएगा, क्योंकि आरोप है कि हिंसा शुरू होने से पहले वह घटनास्थल पर मौजूद थे। दिल्ली पुलिस के अनुसार, सीनियर अधिकारियों ने सांसद से घटनास्थल से दूर रहने का अनुरोध किया था।



## दिल्ली पुलिस ने अवैध गारमेंट यूनिट का भंडाफोड़ किया, नकली ब्रांडेड कपड़े जब्त

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 08 जनवरी।** दिल्ली पुलिस के वेस्ट डिस्ट्रिक्ट की जिला जांच इकाई (डीआईयू) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक अवैध गारमेंट निर्माण और भंडारण इकाई का पर्दाफाश किया है। इस कार्रवाई में अंतरराष्ट्रीय ब्रांड्स के नाम पर तैयार किए जा रहे 1,919 नकली रेडीमेड परिधानों को जब्त किया गया है। जब्त किए गए कपड़ों में कई प्रतिष्ठित ब्रांड्स के नकली उत्पाद शामिल हैं। पुलिस की ओर से गुरुवार को यह जानकारी दी गई। दिल्ली पुलिस की ओर से जारी प्रेस नोट में बताया गया कि यह कार्रवाई टोडापुर, दिल्ली में स्थित एक अपर-ग्राउंड प्रिमाइस पर की गई, जहां बड़े पैमाने पर नकली ब्रांडेड कपड़ों का निर्माण और भंडारण किया जा रहा था। पुलिस ने मौके से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया, जिसकी पहचान राजीव नागपाल (45) के रूप में हुई। यह पूरा मामला अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित ब्रांड्स के अधिकृत प्रतिनिधियों द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के बाद सामने आया। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि पश्चिमी दिल्ली में बड़े पैमाने पर नकली कपड़ों का निर्माण और बिक्री की जा रही है। शिकायत की गहन जांच, ट्रेडमार्क और कॉपीराइट दस्तावेजों के सत्यापन एवं ट्रेड मार्क्स एक्ट, 1999 की धारा 115(4) के तहत रजिस्ट्रार ऑफ ट्रेड मार्क्स से अनिवार्य राय प्राप्त करने के बाद, डीआईयू वेस्ट डिस्ट्रिक्ट ने छापेमारी की योजना बनाई। 7 जनवरी 2026 को की गई इस छापेमारी का नेतृत्व एसआई वंदना ने किया। टीम में एसआई उदयवीर सिंह और हेड कांस्टेबल ऋषिराज शामिल थे। पूरी कार्रवाई इंस्पेक्टर डीआईयू/वेस्ट के नेतृत्व में एसीपी/डीआईयू विजय सिंह की निगरानी में तथा उच्च अधिकारियों के समग्र पर्यवेक्षण में की गई।

## एनसीआर में ठंडी हवाओं से कड़ाके की ठंड, प्रदूषण और कोहरे से मिली राहत

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 08 जनवरी।**

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में इन दिनों ठिठुरन भरी तेज ठंडी हवाओं के चलते कड़ाके की सर्दी का अहसास बढ़ गया है। सुबह और शाम के समय सर्द हवाओं ने लोगों को गर्म कपड़ों में कैद रहने पर मजबूर कर दिया है। हालांकि, राहत की बात यह है कि इन्हीं तेज हवाओं की वजह से कोहरे और वायु प्रदूषण में आंशिक कमी दर्ज की जा रही है।



केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी), राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और मौसम विभाग के विभिन्न मॉनिटरिंग स्टेशनों के आंकड़ों के अनुसार एनसीआर के कई इलाकों में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) ऑरेंज जोन यानी ह्ममध्यम से खराबह्न श्रेणी में पहुंच गया है। नोएडा के चार सक्रिय स्टेशनों से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार सेक्टर-125 में एक्यूआई 284, सेक्टर-62 में 252, सेक्टर-1 में 291 और सेक्टर-116 में 307 दर्ज किया गया। इन आंकड़ों से साफ है कि कुछइलाकों में हवा अभी भी खराब श्रेणी में बनी हुई है, जबकि कुछ क्षेत्रों में सुधार देखने को मिला है।

दिल्ली के कई हिस्सों में एक्यूआई अब भी खराब से बहुत खराब श्रेणी में दर्ज किया गया है। आनंद विहार में एक्यूआई 333, चांदनी चौक में 318, डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में 317, आर. के. पुरम में 324, श्रीफोर्ट में 319, विवेक विहार में 318 और वजीरपुर में 307 दर्ज किया गया।

# आवारा कुत्तों के काटने और हादसों से जुड़े मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, गुरुवार को जारी रहेगी सुनवाई

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 08 जनवरी।**

सुप्रीम कोर्ट गुरुवार को आवारा कुत्तों के मामले में सुनवाई जारी रखेगा। कोर्ट इस मामले को और गहराई से जांचेगा और राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा नियमों का पालन करने की स्थिति भी देखेगा।

इससे पहले, सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को देश भर में कुत्तों के काटने की घटनाओं में बढ़ोतरी और नगर निगम अधिकारियों और स्थानीय निकायों द्वारा एनिमल बर्थ कंट्रोल (एबीसी) नियमों को प्रभावी ढंग से लागू करने में विफलता पर चिंता जताई थी।



जस्टिस विक्रम नाथ, संदीप मेहता और एनवी अंजारिया की बेंच, जो सार्वजनिक जगहों पर आवारा कुत्तों के मैनेजमेंट पर स्वतः संज्ञान मामले की सुनवाई कर रही थी, ने कहा कि बच्चों और बड़ों दोनों को कुत्ते काट रहे हैं और लगातार लापरवाही के कारण लोगों की जान जा रही है। जस्टिस नाथ की अगुवाई वाली बेंच ने कहा कि हमें पता है कि ये सब हो रहा है। बच्चों और बड़ों को कुत्ते काट रहे हैं, लोग मर रहे हैं। पिछले 20 दिनों में ही दो जज जानवरों से जुड़े सड़क हादसों में शामिल थे।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सड़कों पर आवारा जानवरों की मौजूदगी सिर्फ काटने की समस्या नहीं है, बल्कि यह हादसों का भी एक बड़ा कारण है।

# ग्रेटर नोएडा में दूषित पानी को लेकर विरोधाभासी दावे, लोगों की सेहत पर मंडरा रहा खतरा

» **ग्रेटर नोएडा, यूटर्न/ 08 जनवरी।**

ग्रेटर नोएडा में दूषित पेयजल की समस्या एक बार फिर गंभीर रूप लेती नजर आ रही है। खासतौर पर डेल्टा-1 सेक्टर को लेकर ग्रेटर नोएडा अथॉरिटी और जिला प्रशासन के बयानों में साफ तौर पर विरोधाभास दिखाई दे रहा है। एक तरफ, अथॉरिटी का कहना है कि उनकी टीम जब डेल्टा-1 सेक्टर पहुंची तो वहां कोई भी बीमार व्यक्ति नहीं मिला। दूसरी तरफ, जिलाधिकारी की ओर से जारी बयान में यह स्पष्ट किया गया है कि इसी सेक्टर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा हेल्थ कैंप लगाया जा रहा है और कई लोग पेट दर्द, उल्टी और दस्त जैसी बीमारियों से पीड़ित पाए गए हैं।

जिलाधिकारी के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग ने डेल्टा-1, ग्रेटर नोएडा में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी गौतम बुद्ध नगर डॉ. नरेंद्र कुमार ने जानकारी दी कि चिकित्सा अधीक्षक, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दाढा, दनकौर के माध्यम से यह शिविर लगाया गया। शिविर में डॉ. शिल्पी शुक्ला, फार्मासिस्ट वेद



प्रकाश, स्टाफ नर्स कुसुम और वार्ड बॉय कृष्णा कुमार मौजूद रहे। इस दौरान कुल 23 लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई, जिनमें से 7 मरीज उल्टी और दस्त से प्रभावित पाए गए, जिनका मौके पर ही उपचार किया गया।

स्वास्थ्य विभाग की टीम ने एहतियात के तौर पर डेल्टा-1 क्षेत्र के 5 घरों से पेयजल के नमूने भी एकत्र किए हैं, जिन्हें जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। अधिकारियों का कहना है कि जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। इतना ही नहीं, जिला प्रशासन के अनुसार अस्पतालों में रोजाना 40 से अधिक बच्चे डायरिया, पेट दर्द, उल्टी और दस्त की शिकायत के साथ पहुंच रहे हैं। यह आंकड़ा साफ तौर पर दर्शाता है कि दूषित पानी की समस्या सिर्फ एक सेक्टर तक सीमित नहीं है, बल्कि ग्रेटर नोएडा के कई सेक्टरों में यह लोगों के लिए जानलेवा साबित हो रही है। बीते एक वर्ष के आंकड़ों पर नजर डालें तो करीब 10 सोसाइटियों में दूषित पानी के कारण सैकड़ों लोग बीमार पड़ चुके हैं। जांच में कई सोसाइटियों के पानी में ई-कोलाई जैसे खतरनाक बैक्टीरिया पाए गए थे, जो संक्रमण फैलाने के लिए जिम्मेदार होते हैं। एक सोसाइटी में तो हालात इतने खराब हो गए थे कि दूषित पानी की वजह से 150 से अधिक लोग बीमार हो गए थे। स्थानीय लोगों का आरोप है कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद अथॉरिटी की ओर से स्थायी समाधान नहीं किया जा रहा है।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# पीयूष गोयल ने लिकटेंस्टीन की कंपनियों से भारत में मौजूद अवसरों का फायदा उठाने का किया आग्रह

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 08 जनवरी।

वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने लिकटेंस्टीन की कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ एक राउंडटेबल चर्चा की है और कहा कि भारत में यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के सदस्य देशों द्वारा 100 अरब डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता के तहत पैदा हुए अवसरों का फायदा उठाएं। गोयल ने एक एक्स पोस्ट में कहा, भारत-ईएफटीए ट्रेड और इकोनॉमिक पार्टनरशिप एग्रीमेंट (टीईपीए) केवल एक ट्रेड एग्रीमेंट नहीं है, बल्कि यह निवेश, टेक्नोलॉजी साझेदारी, स्किल डेवलपमेंट और मजबूत वैल्यू चेन को बढ़ाने का एक फ्रेमवर्क है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अवसर प्रेसिजन इंजीनियरिंग, स्वच्छ ऊर्जा, स्मार्ट बुनियादी ढांचा, उन्नत सामग्री, डिजिटल और वित्तीय सेवाओं जैसे विभिन्न क्षेत्रों में फैले हुए हैं।



उन्होंने लिकटेंस्टीन के बिजनेस से कहा कि भारत को एक लंबी अवधि के बेस के रूप में देखें और ईएफटीए देशों की ओर से 100 अरब डॉलर की निवेश प्रतिबद्धता के तहत आने वाले अवसरों का फायदा उठाएं। समझौते के तहत, यूरोपीय संघ ने 15 वर्षों की अवधि में 100 अरब डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता जताई है, जिससे भारत में दस लाख प्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे। एक अन्य पोस्ट में उन्होंने लिकटेंस्टीन स्थित हिल्टी समूह के मुख्यालय के दौरे और उसके सीईओ जहांगीर डूंगाजी से मुलाकात की जानकारी दी। पोस्ट में उन्होंने कहा, ह्यभारत के निर्माण क्षेत्र में समूह की 25 वर्षों से अधिक की उपस्थिति को देखते हुए, चर्चा का मुख्य विषय स्थानीयकरण को बढ़ावा देना, मूल्यवर्धन बढ़ाना और भारत से वैश्विक शिपमेंट को बढ़ाना था, जो हमारे विनिर्माण और निर्यात वृद्धि लक्ष्यों के अनुरूप है। मंत्री ने निवेश विस्तार, तेज इनोवेशन और मजबूत घरेलू क्षमता निर्माण द्वारा समर्थित सुरक्षित और स्मार्ट बुनियादी ढांचे के लिए प्रौद्योगिकी सहयोग पर भी चर्चा की। गोयल ने इससे पहले लिकटेंस्टीन की उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री सबीन मोनाउनी के साथ व्यापार, इनोवेशन और स्वच्छ प्रौद्योगिकी सहयोग बढ़ाने पर बातचीत की थी।

## अदाणी पोर्ट्स ने मुंद्रा बंदरगाह पर भारत के पहले पूर्णतः भरे हुए कच्चे तेल वाहक पोत का स्वागत किया



» अहमदाबाद, यूटर्न/ 08 जनवरी।

भारत के समुद्री इतिहास में गुरुवार का दिन काफी महत्वपूर्ण रहा, क्योंकि अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड (एपीएसईजेड) ने भारत के पहले पूर्णतः भरे हुए कच्चे तेल वाहक पोत का स्वागत किया है।

अदाणी समूह की कंपनी ने एक बयान में कहा कि 3.3 लाख घन मीटर की कुल माल ढुलाई क्षमता वाले माउंट न्यू रेनॉउन के डॉकिंग के साथ, मुंद्रा भारत का पहला बंदरगाह बन गया है जो बर्थ पर पूरी तरह से लदे वीएलसीसी (वैरी लार्ज क्रूड कंटेनर) को संभालने में सक्षम है।

बयान में आगे कहा गया कि तेज धाराओं, हवाओं और समुद्री लहरों जैसी चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में माउंट न्यू रेनॉउन का संचालन सफलतापूर्वक किया गया, जो एपीएसईजेड की समुद्री टीम और बंदरगाह प्रबंधन की विशेषज्ञता, समन्वय और उत्कृष्ट परिचालन क्षमता को दशार्ता है।

मुंद्रा का वीएलसीसी जेटी 489 किलोमीटर लंबी कच्चे तेल की पाइपलाइन के माध्यम से बाड़मेर स्थित एचपीसीएल राजस्थान रिफाइनरी से निर्बाध रूप से जुड़ा हुआ है, जो भारत की सबसे रणनीतिक रिफाइनिंग एसेट्स में से एक है। यह सीधा संपर्क भारत की ऊर्जा सुरक्षा, बड़े पैमाने पर कच्चे तेल के आयात की दक्षता, आपूर्ति श्रृंखला की मजबूती और गुजरात एवं राजस्थान में क्षेत्रीय आर्थिक विकास को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाता है।

बंदरगाह सुविधा पूरी तरह से भरे हुए वीएलसीसी को अधिकतम विस्थापन पर डॉक करने की अनुमति देती है, जो भारत के कच्चे तेल की लॉजिस्टिक्स में एक क्रांतिकारी बदलाव का प्रतिनिधित्व करती है, जिससे सीधे जेटी संचालन के माध्यम से कच्चे तेल की सुरक्षित, तेज और अधिक लागत प्रभावी हैंडलिंग संभव हो पाती है।

## जीवन बीमा क्षेत्र में कमीशन पर लगेगी लगाम, नए नियमों की तैयारी

### अधिग्रहण लागत घटाने किस्तों में कमीशन या सीमा तय करने पर विचार

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 08 जनवरी।

जीवन बीमा क्षेत्र में बढ़ती अधिग्रहण लागत को नियंत्रित करने के लिए जीवन बीमा परिषद की एक समिति कमीशन ढांचे में बदलाव की सिफारिश कर सकती है। समिति वितरकों को दिए जाने वाले कमीशन पर सीमा तय करने या कमीशन को किस्तों में देने का सुझाव दे सकती है, जिससे बीमा कंपनियों की लागत कम हो सके। फिलहाल जीवन बीमा कंपनियों को प्रबंधन व्यय (ईओएम) के तय मानकों के भीतर काम करना होता है, लेकिन पॉलिसी के हिसाब से कमीशन की कोई अलग सीमा नहीं है। कमीशन की सीमा प्रीमियम के प्रतिशत के आधार पर तय होती है, जो पहले वर्ष और नवीकरण प्रीमियम के अनुसार



अलग-अलग होती है। इस व्यवस्था के चलते कंपनियां कुछ पॉलिसियों पर अधिक कमीशन देने के लिए स्वतंत्र हैं। हाल के महीनों में डिस्ट्रीब्यूटरों को बढ़े हुए भुगतान के कारण अधिग्रहण लागत में इजाफा हुआ है, जिसकी जांच की जा रही है। उद्योग से जुड़े सूत्रों के अनुसार समिति ने सुझाव दिया है कि कमीशन का भुगतान प्रीमियम संग्रह के अनुरूप किया जाए या उस पर अधिकतम सीमा लगाई जाए। उम्मीद है कि इस संबंध में अप्रैल तक आईआरडीएआई नए नियम जारी कर सकता है।

## दिसंबर 2025 में सोना-चांदी के ईटीएफ में एयूएम 2 लाख करोड़ के पार

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 08 जनवरी।

सोने और चांदी के एक्सचेंज ट्रेडेड फंडों (ईटीएफ) की संयुक्त प्रबंधनाधीन परिसंपत्तियां (एयूएम) दिसंबर 2025 में पहली बार 2 लाख करोड़ रुपये के पार चली गईं। साल की शुरूआत में यह केवल 57,000 करोड़ रुपये थी, जो सितंबर तक लगभग दोगुनी होकर 1 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गई। केवल चार महीनों में एयूएम में इतनी तेजी रिकॉर्ड निवेश और कीमती धातुओं की कीमतों में लगातार वृद्धि के कारण हुई। दिसंबर में गोल्ड ईटीएफ में 11,700 करोड़ रुपये का निवेश आया, जबकि सिल्वर ईटीएफ में निवेश दोगुना से अधिक बढ़कर 4,700 करोड़ रुपये हुआ। 2025 में कुल शुद्ध निवेश गोल्ड ईटीएफ में 43,000 करोड़ रुपये और सिल्वर ईटीएफ में 24,200 करोड़ रुपये रहा।

## टाइटन लैब में तैयार हीरों के बाजार में बीयॉन ब्रांड के साथ प्रवेश करेगी

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 08 जनवरी।

टाइटन ने हाल ही में घोषणा की कि वह अपने नए ब्रांड बीयॉन के माध्यम से लैब में तैयार किए गए हीरों के क्षेत्र में कदम रख रहा है। कंपनी का उद्देश्य इस नए ब्रांड के साथ शीर्ष स्थान हासिल करना है। टाइटन के एक अधिकारी ने निवेशक कॉल के दौरान कहा कि शुरूआत में 5 से 10 स्टोर खोले जाएंगे ताकि लागत और लाभ का सटीक आकलन किया जा सके। प्रारंभिक स्टोर केवल महानगरों में खुलेंगे, लेकिन कंपनी इसे धीरे-धीरे अन्य शहरों में भी ले जाने की योजना बना रही है। उन्होंने बताया कि यह प्रक्रिया कंपनी को समझने में मदद करेगी कि हर उत्पाद बनाने और बेचने में कितना खर्च आता है और कुल कमाई कितनी होती है। हालांकि वर्तमान में लैब में तैयार हीरों का बाजार कुल डायमंड बाजार का केवल 2 फीसदी से भी कम है, इसके बढ़ने की संभावना है। टाइटन इसे नई वृद्धि की संभावना के रूप में देख रहा है।

## युवाओं में 150-200 सीसी बाइक सेगमेंट खासा लोकप्रिय

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 08 जनवरी।

भारतीय युवाओं में 150सीसी से 200सीसी मोटरसाइकिल सेगमेंट खासा लोकप्रिय रहा है। नवंबर 2025 में इस सेगमेंट ने एक बार फिर मजबूत प्रदर्शन दर्ज किया। नवंबर 2025 में इस सेगमेंट में कुल 1,75,805 यूनिट्स की बिक्री दर्ज की गई। नवंबर 2024 के मुकाबले यह करीब 20.44 प्रतिशत की सालाना बढ़त को दशार्ता है।

वहीं, अक्टूबर 2025 में दर्ज 2,10,831 यूनिट्स की तुलना में नवंबर में लगभग 16.61 प्रतिशत की मासिक गिरावट देखी गई। यह गिरावट त्योहारों के बाद मांग के सामान्य स्तर पर लौटने का संकेत मानी जा रही है। ब्रांड्स की बात करें तो टीवीएस अपाचे ने नवंबर में भी अपनी नंबर-1 पोजिशन बरकरार रखी। इसकी बिक्री 48,764 यूनिट्स रही और सालाना आधार पर करीब 37 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। हालांकि, अक्टूबर के मुकाबले इसकी बिक्री में 20 प्रतिशत से ज्यादा की कमी आई। बजाज पल्सर ने भी दमदार प्रदर्शन करते हुए 45,246 यूनिट्स की बिक्री दर्ज की और यह मजबूत नंबर-2 बनी रही। अपाचे और पल्सर मिलकर इस



सेगमेंट की आधे से ज्यादा बिक्री पर कब्जा जमाए हुए हैं। होंडा यूनिकॉर्न ने 32,968 यूनिट्स की बिक्री के साथ तीसरा स्थान बनाए रखा। इसकी बिक्री सालाना और मासिक दोनों स्तर पर स्थिर रही, जो इसकी भरोसेमंद छवि को दशार्ती है।

यामाहा की नई बाइक एक्सएसआर ने 16,359 यूनिट्स की बिक्री के साथ शानदार एंट्री की, जबकि एफझेड, आर 15 और एमटी-15 जैसे पुराने मॉडल्स की बिक्री में गिरावट दर्ज की गई। इसके अलावा होंडा एसपी 160, हीरो एक्सपल्स 200 और होंडा हॉर्नेट 2.0 ने भी सालाना आधार पर अच्छा प्रदर्शन किया। वहीं केटीएम, हीरो, सुजुकी और कावासाकी की बाइकों का प्रदर्शन मिला-जुला रहा।

## सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स ने अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में दर्ज किया रिकॉर्ड 13.8 अरब डॉलर का परिचालन लाभ

» सोल, यूटर्न/ 08 जनवरी।

सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स ने गुरुवार को चालू वित्त वर्ष के अक्टूबर से दिसंबर की तिमाही में अब तक का सबसे अधिक परिचालन लाभ दर्ज किया है। चिप इंडस्ट्री में आई तेज मांग के कारण चौथी तिमाही में कंपनी का परिचालन लाभ पहली बार 20 ट्रिलियन वॉन यानी लगभग 13.8 अरब डॉलर तक पहुंच गया। कंपनी ने अपने पहले अर्निंग रिपोर्ट में कहा कि चौथी तिमाही में परिचालन लाभ पिछले साल की तुलना में 200 प्रतिशत से भी ज्यादा बढ़ा है।

योनहाप न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट में कहा गया है कि यदि अंतिम आंकड़े भी यही रहते हैं, तो यह पहली बार होगा जब सैमसंग का तिमाही मुनाफा 20 ट्रिलियन वॉन तक पहुंचेगा।

इस तिमाही में सैमसंग की कुल बिक्री 22.7 प्रतिशत बढ़कर 93 ट्रिलियन वॉन हो गई। यह भी पहली बार है जब तिमाही बिक्री 90 ट्रिलियन वॉन से ज्यादा हुई है। हालांकि, कंपनी ने अभी शुद्ध लाभ के आंकड़े जारी नहीं किए हैं।

योनहाप न्यूज एजेंसी की फाइनेंशियल डाटा फर्म योनहाप इंफोमैक्स द्वारा किए गए एक सर्वे के अनुसार, सैमसंग का परिचालन लाभ बाजार के औसत अनुमान से 1.8 प्रतिशत ज्यादा रहा। कंपनी ने अभी अपने अलग-अलग व्यापार क्षेत्रों का पूरा ब्योरा नहीं दिया है। अंतिम रिपोर्ट इस महीने के अंत में जारी की जाएगी।

विशेषज्ञों का कहना है कि सैमसंग के चिप कारोबार से जुड़े डिवाइस सॉल्यूशंस (डीएस) डिवीजन में मुनाफा



काफी बढ़ा है, जिसमें कंपनी का मुख्य सेमीकंडक्टर व्यवसाय शामिल है।

कोरिया इन्वेस्टमेंट एंड सिक्योरिटीज कंपनी के मुताबिक, डायनेमिक रैंडम एक्सेस मेमोरी (डीआरएएम) और नैंड फ्लैश की वैश्विक कीमतों में चौथी तिमाही में पिछली तीन महीने की अवधि की तुलना में करीब 40 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई।

बाजार विश्लेषकों का अनुमान है कि डीएस डिवीजन का परिचालन लाभ 16 से 17 ट्रिलियन वॉन के बीच रहा, जबकि पिछली तिमाही में यह सिर्फ 7 ट्रिलियन वॉन था। इससे पूरे विभाग की स्थिति बेहतर हुई है।

विशेषज्ञों के अनुसार, सैमसंग के मोबाइल फोन कारोबार में करीब 2 ट्रिलियन वॉन का मुनाफा हुआ। वहीं, घरेलू उपकरण कारोबार में लगभग 100 अरब वॉन का नुकसान होने की संभावना है।

सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स ने 2025 के पूरे वर्ष के लिए कुल वार्षिक परिचालन लाभ 43.53 ट्रिलियन वॉन होने का अनुमान लगाया है, जो पिछले वर्ष से 33 प्रतिशत ज्यादा है। वहीं वार्षिक बिक्री भी 10.6 प्रतिशत बढ़कर 332.77 ट्रिलियन वॉन हो गई।

## भारत में ईवी बाजार 2025 में तेजी से बढ़ा, बाजार मे प्रतिस्पर्धा बढ़ी

### यात्री वाहनों की बिक्री में 77 फीसदी की वृद्धि देखी गई

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 08 जनवरी।

भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की खुदरा बिक्री 2025 में मजबूत बढ़त दर्ज कर रही है। फाडा के आंकड़ों के अनुसार इलेक्ट्रिक यात्री वाहनों की बिक्री 2024 के 99,875 से बढ़कर 176,817 हो गई, यानी 77.04 प्रतिशत की वृद्धि। हालांकि,



नए मॉडल और कंपनियों के प्रवेश से बाजार में प्रतिस्पर्धा तेज हो गई है। टाटा मोटर्स ने 70,004 इलेक्ट्रिक कारें बेचीं, जो पिछले साल से 13.28 फीसदी अधिक हैं। इसके बावजूद, उसकी बाजार हिस्सेदारी 61 फीसदी से घटकर 39.6 फीसदी रह गई। जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर की बिक्री दोगुनी से अधिक बढ़कर 51,387 वाहन हो गई, जिससे उसकी हिस्सेदारी 21.8 फीसदी से 29.1 फीसदी तक पहुंची। महिंद्रा & महिंद्रा ने सबसे तेज वृद्धि दर्ज की, बिक्री लगभग 5 गुना बढ़कर 33,513 वाहन हुई। प्रीमियम सेगमेंट में ह्युंडै, बीवाईडी, बीएमडब्ल्यू और किआ ने तीन अंकों में वृद्धि की, जबकि स्टेलेंटिस और वॉल्वो की बिक्री में गिरावट आई। दोपहिया इलेक्ट्रिक वाहन बाजार में टीवीएस मोटर 298,881 वाहनों के साथ आगे रही, और उसकी बाजार हिस्सेदारी 23.35 फीसदी तक बढ़ी। बजाज ऑटो दूसरे स्थान पर रही। एथर एनर्जी की बिक्री 58.91 फीसदी बढ़कर 200,797 वाहन हो गई। इसके विपरीत, ओला इलेक्ट्रिक की बिक्री आधी होकर 199,318 रह गई और बाजार हिस्सेदारी 35.47 फीसदी से घटकर 15.57 फीसदी हो गई।

यूटर्न टाइम THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

## संक्षिप्त खबरें

### ऑनलाइन गेम खिलाने के बहाने 6.73 लाख की ठगी में एक गिरफ्तार

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 08 जनवरी।** वेबसाइट पर ऑनलाइन गेम खेलकर अच्छा मुनाफा कमाने का लालच देकर 6.73 लाख रुपये की ठगी में एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी सौरभ जोगी राजस्थान के सवाई माधोपुर का रहने वाला है। इससे पूछताछ में सामने आया कि मामले में आरोपी सौरभ ठगों के लिए बैंक खाते उपलब्ध करवाता था। इसने खाताधारक अजय का खाता लेकर आगे ठगों को दिया था। इस खाते में ठगी के 6.73 लाख रुपये आए थे। पुलिस प्रवक्ता यशपाल सिंह ने बताया कि खाताधारक अजय को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। अब पकड़े गए सौरभ जोगी को 3 दिन के रिमांड पर लेकर साइबर क्राइम थाना बल्लभगढ़ की टीम पूछताछ कर रही है। ठगी को लेकर पुलिस को ये शिकायत सेक्टर-7 के रहने वाले व्यक्ति ने दी थी।

### टेलीग्राम टास्क के बहाने 21.45 लाख रुपये की ठगी में एक धरा

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 08 जनवरी।** टेलीग्राम टास्क में निवेश पर मुनाफा दिलाने के बहाने 21.45 लाख रुपये की ठगी मामले में एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी गौतम यूपी गाजियाबाद के मालीवाडा मोहल्ला का रहने वाला है। इससे पूछताछ में सामने आया कि आरोपी गौतम खाताधारक है। इसके खाते में ठगी के 20 हजार रुपये आये थे। आरोपी गाजियाबाद में डिलीवरी बॉय का काम करता है। पुलिस प्रवक्ता यशपाल सिंह ने बताया कि आरोपी को 4 दिन के रिमांड पर लेकर साइबर क्राइम थाना सेंट्रल की टीम पूछताछ कर रही है।

# अस्पताल में नवजात की मौत डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप

» **गाजियाबाद, यूटर्न/ 08 जनवरी।**



राजनगर स्थित गार्गी अस्पताल में इलाज के दौरान नवजात की मौत का मामला सामने आया है। परिजनों ने डॉक्टरों पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए सीएमओ से शिकायत की है। मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति का गठन किया गया है।

संजय नगर सेक्टर-23 के सूरजमल एन्क्लेव में रहने वाले आशीष शर्मा ने बताया कि दो जनवरी को उन्होंने पत्नी रूबी को प्रसव पीड़ा होने पर गार्गी अस्पताल में भर्ती कराया था। वहां डॉक्टर राहुल गर्ग और शीतल गर्ग की देखरेख में सिजेरियन प्रसव से शिशु का जन्म हुआ। आशीष ने बताया कि जन्म के समय डॉक्टरों ने बच्चे को पूरी तरह स्वस्थ बताया। साथ ही दो घंटे के लिए निगरानी में रखने की जानकारी दी। इसके बाद पूरी रात बच्चे की स्थिति के बारे में परिजन पूछते रहे, लेकिन संतोषजनक जवाब नहीं मिला।

आरोप है कि तीन जनवरी की सुबह डॉक्टरों ने बिना किसी पूर्व सूचना के बच्चे को दूसरे अस्पताल रेफर करने की प्रक्रिया शुरू कर दी। इस दौरान की गई देरी के कारण नवजात की स्थिति गंभीर हो गई। बाद में बच्चे ने दम तोड़ दिया। आशीष ने डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए सीएमओ से अस्पताल के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

### बच्चे को थी गंभीर परेशानी

वहीं, अस्पताल के डायरेक्टर डॉ. राहुल का कहना है कि कोई भी चिकित्सक अपने मरीज का नुकसान नहीं चाहता। इलाज से संबंधित जरूरी संसाधन उपलब्ध हैं, लेकिन बच्चे को हृदय से संबंधित गंभीर परेशानी थी। काफी प्रयास के बावजूद उसे बचाया नहीं जा सका।

### एक सप्ताह के भीतर रिपोर्ट देगी समिति

सीएमओ डॉ. अखिलेश मोहन ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए तीन सदस्यीय जांच समित गठित की है। इसमें एसीएमओ डॉ. अमित विक्रम, डॉ. आरके गुप्ता और बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. अर्चना सिंह को शामिल किया गया है। समिति को एक सप्ताह के अंदर अपनी रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया है। टीम ने अस्पताल से इलाज संबंधी दस्तावेज जब्त कर लिए हैं।




### ट्रक की चपेट में आई बाइक एक की मौत, दूसरा गंभीर

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 08 जनवरी।** नगर कोतवाली के सामने जीटी रोड पर देर रात सड़क हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। वहीं दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार हादसे के मृतक ने मेट्रो स्टेशन से बाइक लालकुआं के लिए बुक की थी। एसीपी नगर कोतवाली रितेश त्रिपाठी ने बताया कि हिंडन की ओर से लालकुआं की ओर जा रही बाइक तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आ गई। बाइक असंतुलित होकर डिवाइडर से टकरा गई। इसमें बाइक पर सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। बाइक चलाने वाला गंभीर रूप से घायल हो गया। आरोपी ट्रक चालक ट्रक लेकर मौके से फरार हो गया। बताया कि डिवाइडर से टकराने पर बाइक के पीछे बैठे व्यक्ति का सिर डिवाइडर से टकरा गया। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बाइक चला रहे युवक ने हेलमेट पहना था ऐसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया और खतरे से बाहर है। एसीपी ने बताया कि घायल युवक के अनुसार वह बाइक राइडर है और हादसे में मारे गए व्यक्ति ने मेट्रो स्टेशन से लालकुआं तक बाइक बुक की थी। रास्ते में हादसा हो गया। एसीपी के मुताबिक मृतक के पास से मोबाइल मिला है जो लॉक है, मृतक की अभी पहचान नहीं हो पाई है। शव पोस्टमार्टम को भेजा जा रहा है, घायल को अस्पताल भेजा गया है। जल्द ही मृतक की पहचान कर ली जाएगी।

### डेबिट कार्ड बदलकर खाते से निकाले दो लाख रुपये

**लोनी, यूटर्न/ 08 जनवरी।** कोतवाली क्षेत्र के लोनी तिराहा स्थित एटीएम बूथ से रुपये निकालने गए युवक को ठग ने झांसे में लेकर डेबिट कार्ड बदल लिया। ठगों ने युवक के खाते से करीब दो लाख रुपये निकाल लिए। फोन पर आए मैसेज से पीड़ित को ठगी की जानकारी हुई। किस्मतदार निवासी मुस्तफाबाद कॉलोनी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपना नया डेबिट कार्ड का पिन जनरेट करने के लिए एटीएम बूथ पर गए थे। इस दौरान ठग आए और सहायता के बहाने झांसा देकर डेबिट कार्ड बदल लिया। एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## जनगणना 2027-पहला फेज 1 अप्रैल से

**-घरों की लिस्टिंग और डेटा जुटाएंगे, ये काम 30 दिन में पूरा होगा**

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 08 जनवरी।**

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने बताया कि देश में होने वाली जनगणना 2027 का पहला फेज 1 अप्रैल से 30 सितंबर के बीच किया जाएगा। इसकी शुरूआत घरों की लिस्टिंग और घरों का डेटा इकट्ठा करने से होगी। हर राज्य और केंद्र शासित प्रदेश अपने यहां 30 दिनों में यह काम पूरा करेंगे। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने नोटिफिकेशन जारी कर बताया कि 1 अप्रैल से देशभर में सभी मकानों और परिवारों की लिस्ट बनाई जाएगी। साथ ही परिवारों की अन्य जानकारी भी इकट्ठी की जाएगी, ताकि जनसंख्या गिनने की मजबूत तैयारी हो सके।

सरकार ने यह भी कहा कि घरों की लिस्टिंग शुरू होने से 15 दिन पहले लोगों को खुद से जानकारी भरने (सेल्फ एन्यूमरेशन) का विकल्प भी दिया जाएगा। दरअसल जनगणना 2021 में होनी थी, लेकिन कोरोना महामारी की वजह से इसे टाल दिया गया था, जो अब 2027 में पूरी होगी।

जनगणना पूरी तरह डिजिटल होगी

सरकार ने बताया कि इस बार जनगणना पूरी तरह डिजिटल होगी। करीब 30 लाख कर्मचारी मोबाइल एप के जरिए जानकारी जुटाएंगे। मोबाइल एप, पोर्टल और रियल टाइम डेटा ट्रांसफर से जनगणना बहुत हद तक पेपरलेस होगी। जाति से जुड़ा डेटा भी डिजिटल तरीके से इकट्ठा किया जाएगा। आजादी के बाद पहली बार जनगणना में जाति की गिनती शामिल होगी।

### होटल व बरात घर में दमकल की चेकिंग, छह को भेजा नोटिस

**साहिबाबाद, यूटर्न/ 08 जनवरी।** अग्निशमन विभाग ने बुधवार को जिले के शहर और ट्रांस हिंडन क्षेत्र में संचालित होटल, मॉल, बरातघर व अन्य ऐसे स्थान जहां लोगों की भीड़ रहती है, चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान टीएचए के दो और शहरी क्षेत्र में संचालित चार प्रतिष्ठानों को सुरक्षा मानकों की अनदेखी व लापरवाही बरतने पर नोटिस थमाए गए हैं। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया कि बुधवार को दमकल की अलग-अलग टीमों ने कई स्थानों पर निरीक्षण किया। प्रतिष्ठानों में लोगों की सुरक्षा को लेकर पर्याप्त साधन और मानकों की जांच की गई। बताया कि इंदिरापुरम के शाइन प्लाजा होटल, वन मॉल, लोहिया नगर के ग्रांड पीतल बारातघर, मालीवाड़ा स्थित वोल्गा पैलेस, कविनगर के ट्रिनिटी बारातघर और एनएच 24 पर संचालित ऐलेगेंट बारातघर में सुरक्षा मानकों की लापरवाही दिखाई दी। कहीं उपकरणों की खराब हालत तो कहीं एक्सपायर हो चुके मिले। एक-दो प्रतिष्ठानों में आग हादसे के समय बचकर निकलने के लिए आपातकालीन रास्ता ही नहीं बनाया गया था।

## शेयर बाजार में निवेश के बहाने 1.12 करोड़ रुपये की ठगी

» **फरीदाबाद, यूटर्न/ 08 जनवरी।**



शेयर बाजार में निवेश पर मुनाफे का झांसा देकर एक व्यक्ति से 1.12 करोड़ रुपये ठग लिए गए। शिकायतकर्ता का कहना है कि 9 नवंबर से 29 दिसंबर के दौरान उनसे निवेश तो करा लिया गया लेकिन रिफंड नहीं दिया गया। पुलिस प्रवक्ता यशपाल सिंह ने बताया कि साइबर क्राइम थाना सेंट्रल पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की है।

ठगी को लेकर पुलिस को ये शिकायत सेक्टर-16 के रहने वाले अभिषेक चंद्रा ने दी है और वो त्वचा के डाक्टर हैं। आरोप है कि 29 अक्तूबर को व्हाट्सएप के जरिये ठगों ने उनसे संपर्क किया। मैसेज में शेयर बाजार व आईपीओ में एक्सपर्ट की गाइडेंस में निवेश करने को लिखा था।

एक महिला का नंबर देकर उन्हें सेबी रजिस्टर्ड ब्रोकर कंपनी की अधिकृत कर्मी बता गया था। कंपनी का ऑफिस दिल्ली के झंडेवालान एक्सटेंशन में बताया गया।

शिकायतकर्ता के अनुसार 9 नवंबर को उन्होंने कहा कि उन्हें ट्रेडिंग की जानकारी नहीं है तो महिला ने कहा कि वो गाइड करेगी। उन्होंने इंस्टीट्यूशनल स्टॉक, ओटीसी व आईपीओ में अपनी मोबाइल एप के जरिये निवेश कराया। इसके लिए डिमेट खाता जरूरी न होने की बात उन्होंने कही। शिकायतकर्ता ने झांसे में आकर 11256000 रुपये निवेश कर दिए। ये निवेश लोन लेकर व एफडी तोड़कर किया गया।

बाद में जब रिफंड के लिए कहा तो उनसे अलग-अलग चार्ज के नाम पर रुपये मांगे गए। ऐसा न करने पर इनकी निवेश रकम ब्लॉक कर दी गई। शिकायतकर्ता जब दिल्ली में बताए गए कंपनी के ऑफिस पर पहुंचे तो पता चला कि ये एप कंपनी की नहीं है और वे दस्तावेज भी कंपनी के नहीं पाए गए। शिकायतकर्ता सेबी ऑफिस गए तो उन्हें साइबर सेल को शिकायत देने को कहा गया। तब मामला पुलिस तक पहुंचा। इस पर अब साइबर क्राइम थाना सेंट्रल पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है।

### अस्पताल प्रशासन और डॉक्टरों के बीच सहमति के बाद हड़ताल समाप्त

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 08 जनवरी।** ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में पिछले कई दिनों से चल रही रेसिडेंट डॉक्टरों की हड़ताल मंगलवार देर रात समाप्त हो गई। अस्पताल प्रशासन और रेसिडेंट डॉक्टरों के बीच सहमति बनने के बाद डॉक्टरों ने हड़ताल वापस लेने का निर्णय लिया। हड़ताल की शुरूआत उस समय हुई थी, जब मेडिकल कॉलेज के डीन पर एक पीजी डॉक्टर को चोर कहकर संबोधित करने का आरोप लगा। इस घटना से आहत रेसिडेंट डॉक्टरों ने इसे अपमानजनक बताते हुए विरोध शुरू कर दिया था और कामकाज ठप कर हड़ताल पर चले गए थे। मंगलवार को हड़ताल के दौरान डॉक्टरों ने अपनी मांग रखते हुए कहा था कि डीन को उनकी गलती के लिए रेजिडेंट डॉक्टरों से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने अस्पताल प्रशासन से रेजिडेंट डॉक्टर के लिए स्वास्थ्य कार्ड जारी करने की भी मांग रखी थी। मंगलवार को देर रात अस्पताल प्रशासन और रेसिडेंट डॉक्टरों के प्रतिनिधियों के बीच बातचीत हुई, जिसमें कई मुद्दों पर सहमति बनी। इसके बाद डॉक्टरों ने हड़ताल समाप्त करने की घोषणा की। हड़ताल खत्म होने के साथ ही अस्पताल की चिकित्सा सेवाएं धीरे-धीरे सामान्य हो गईं।

## करोड़ों का जल शुल्क देने के बाद भी शुद्ध पानी नसीब नहीं

» **फरीदाबाद, यूटर्न/ 08 जनवरी।**



प्रदेश सरकार को राजस्व देने वाले प्रमुख शहरों में शामिल फरीदाबाद में शुद्ध पेयजल की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। औद्योगिक नगरी होने के बावजूद यहां के नागरिकों को पानी का पूरा शुल्क चुकाने के बाद भी पीने योग्य पानी नसीब नहीं हो पा रहा है। नगर निगम फरीदाबाद हर साल शहरवासियों से लगभग 14 करोड़ रुपये केवल पानी के शुल्क के रूप में वसूलता है लेकिन इसके बदले जो पानी लोगों के घरों तक पहुंच रहा है उसकी गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो चुके हैं। शहर के अधिकांश रिहायशी इलाकों में स्थिति यह है कि निगम का पानी अब पीने और भोजन पकाने के लिए इस्तेमाल ही नहीं किया जा रहा। मजबूरी में लोग आरओ का पानी खरीदकर उपयोग कर रहे हैं। अनुमान के अनुसार फरीदाबाद की 80 प्रतिशत से अधिक आबादी अब निगम के पानी पर भरोसा नहीं करती। यह स्थिति केवल एक या दो इलाकों तक सीमित नहीं बल्कि एनआईटी क्षेत्र से लेकर बल्लभगढ़ तक फैली हुई है। वहीं इंदौर की घटना सामने आने के बाद निगम आयुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने सभी स्थानों पर सप्लाई होने वाले पेयजल के सैंपल लेने के निर्देश जारी किए हैं व लापरवाही मिलने पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। कई इलाकों में पानी का टीडीएस स्तर 1200 से 1600 तक पहुंच गया

जानकारों का कहना है कि कई इलाकों में पानी का टीडीएस स्तर 1200 से 1600 तक पहुंच गया है। विशेषज्ञों के अनुसार सुरक्षित पेयजल के लिए टीडीएस का स्तर 300 के आसपास होना चाहिए। इतना अधिक टीडीएस वाला पानी लंबे समय तक सेवन करने से किडनी, लीवर, पेट और हड्डियों से जुड़ी गंभीर बीमारियां हो सकती हैं। इसके बावजूद नगर निगम की ओर से न तो किसी इलाके को असुरक्षित घोषित किया गया है और न ही वैकल्पिक व्यवस्था की गई है।

नगर निगम की जल आपूर्ति प्रणाली रेनीवेल, ट्यूबवेल और बूस्टरों पर आधारित है। शहर में कुल 69 बूस्टर संचालित हो रहे हैं, जिनसे लाखों लोगों तक पानी पहुंचाया जाता है। लेकिन सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि इन बूस्टरों पर नियमित पानी जांच की कोई ठोस व्यवस्था नहीं है।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# रूट इसी प्रकार खेले तो अगले कुछ साल में सचिन का रिकार्ड तोड़ देंगे




**सिडनी, यूटर्न/ 08 जनवरी।** इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रूट ने एशेज टेस्ट सीरीज में जिस प्रकार से दो शतक लगाये है उससे वह रनों के मामले में महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के और करीब पहुंच गये हैं। टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड सचिन के नाम है। सचिन ने टेस्ट में 200 मैचों में 15921 रन बनाए थे। वहीं जो रूट ने अब तक 163 टेस्ट मैचों में 13928 रन बनाये हैं। अब रूट और सचिन के बीच 1,984रनों का अंतर रह गया है। अगर रूट का यही फॉर्म कुछ और समय तक जारी रहता है तो वह सचिन के सबसे ज्यादा रन बनाने के वर्ल्ड रिकॉर्ड को तोड़ सकते हैं। टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में सबसे ज्यादा शतक लगाने का विश्व रिकॉर्ड भी सचिन के नाम है। उन्होंने अपने टेस्ट करियर में कुल 51 टेस्ट शतक लगाए थे। वहीं रूट सबसे ज्यादा टेस्ट शतक लगाने के मामले में संयुक्त रूप से तीसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। उन्होंने अभी तक कुल 41 टेस्ट शतक लगाए हैं। अब अगर रूट को तेंदुलकर के इस रिकॉर्ड को तोड़ना है तो उन्हें आने वाले समय में 11 शतक और लगाने होंगे। रुट की उम्र अभी 35 साल है और ऐसे में दो से दिन साल तक खेलने का समय उनके पास और है जिसमें वह इसी लय ये खेलते रहे तो सचिन के रिकार्ड के पास पहुंच ही नहीं उसे तोड़ भी सकते हैं। इंग्लैंड के वर्तमान डब्ल्यूटीसी चक्र में 11 और टेस्ट मैच खेलने हैं, यानी रूट के पास 22 पारियों का मौका है, जिससे वह 15,921 के आंकड़े के और करीब पहुंच सकते हैं। 2021 से अब तक, रूट निस्संदेह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ टेस्ट बल्लेबाज रहे हैं। उन्होंने पिछले कुछ साल में 6114 रन 56.09 की औसत से बनाए हैं, जिसमें 24 शतक शामिल हैं। यानी 2013 से 2020 के बीच उनके खाते में 17 शतक थे, जबकि अगले पांच वर्षों में उन्होंने 24 शतक जड़ दिए।अगर वह इसी रफ्तार से चलते रहे, तो उन्हें तेंदुलकर को पीछे छोड़ने के लिए केवल 35 और टेस्ट पारियों की जरूरत होगी और वह इसे और जल्दी भी कर सकते हैं।



# पलकों पे उन मुद्दों को सामने लाती है, जिनसे समाज अक्सर आंखें मूंद लेता है: श्वेता त्रिपाठी

समाज को आईने की तरह दिखाने वाली फिल्मों की एक अलग ही अहमियत होती है। ऐसी फिल्मों में केवल मनोरंजन ही नहीं, बल्कि समाज के उन मुद्दों को सामने लाने की हिम्मत होती है, जिन पर आम तौर पर लोग चुप रहते हैं। अभिनेत्री श्वेता त्रिपाठी अपनी आने वाली फिल्म पलकों पे के जरिए इन संवेदनशील मुद्दों को सामने ला रही हैं। आईएएनएस से बात करते हुए श्वेता त्रिपाठी ने शूटिंग के अनुभव को साझा किया और उसे चुनौतीपूर्ण बताया। उन्होंने कहा, शूटिंग लगातार कई दिनों तक चली। यह लंबा शेड्यूल था। इस थकान भरे सफर ने पूरी टीम को और करीब ला दिया। कलाकारों और तकनीकी टीम के बीच जो समझ और भरोसा बना, वह फिल्म में दिखाई देगा। शूटिंग के दौरान एक-दूसरे की मदद करना सभी के लिए एक नई ऊर्जा बन गया। पलकों पेको लेकर श्वेता ने कहा, मुझे फिल्म की कहानी ने सबसे ज्यादा आकर्षित किया। फिल्म उन सवालों का सामना करती है जिनसे समाज अक्सर आंखें मूंद लेता है। तलाक, लैंगिक समानता, यौन पहचान और मानसिक स्वास्थ्य जैसे मुद्दे इस फिल्म में सीधे और ईमानदारी से उठाए गए हैं। ये वे विषय हैं जिन पर लोग आमतौर पर बात करना पसंद नहीं करते। इस फिल्म में बिना झिझक इन मुद्दों को प्रभावशाली तरीके से पेश किया गया है। उन्होंने कहा, फिल्म के निर्देशक निधिश पुझक्कल ने इसे और भी खास बनाया है। उनका अंदाज अलग है। वह हर सीन, हर खामोशी और हर भावना को एक मनोवैज्ञानिक नजरिए से देखते हैं। ऐसे निर्देशन में काम करना एक अभिनेता का सपना होता है।

# मांजरेकर ने विराट के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास पर उठाये सवाल

**» मुम्बई, यूटर्न/ 08 जनवरी।**

पूर्व क्रिकेटर संजय मांजरेकर ने कहा है कि विराट कोहली को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास नहीं लेना चाहिये था। उन्होंने संन्यास का फैसला हड़बड़ी में कर दिया जबकि उनके साथ के स्टार खिलाड़ी अभी खेल रहे हैं। मांजरेकर के अनुसार फैब फोर का हिस्सा रहे विराट के साथी इंग्लैंड के जो रूट, न्यूजीलैंड के केन विलियमसन और ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ आज भी टेस्ट क्रिकेट खेल रहे हैं। हाल ही में एशेज सीरीज के पांचवें टेस्ट में रूट ने अपना 41वां टेस्ट शतक जबकि स्मिथ ने 37वां टेस्ट शतक लगाया है।

मांजरेकर के अनुसार विराट अभी एकदिवसीय क्रिकेट खेल रहे हैं। आज के दौर में इसमें काफी कम मुकाबले होते हैं जिससे ये सबसे आसान दौर हैं। मांजरेकर ने सोशल मीडिया में कहा ,ह्व आजक जब रूट टेस्ट क्रिकेट में नई ऊँचाइयों को छू रहे हैं, तो मेरा ध्यान विराट की ओर जाता है। तब लगता है कि उन्होंने टेस्ट क्रिकेट समय से पहले ही छोड़ दिया। संन्यास से पहले वह रनों के लिए संघर्ष कर रहे थे पर उन्होंने यह समझने का पूरा प्रयास नहीं किया कि रन किस कारण

**मांजरेकर के अनुसार विराट अभी एकदिवसीय क्रिकेट खेल रहे हैं। आज के दौर में इसमें काफी कम मुकाबले होते हैं जिससे ये सबसे आसान दौर हैं।**

नहीं बन रहे थे। मांजरेकर ने कहा कि यह चर्चा फिर कभी हो सकती है कि विराट क्या बेहतर कर सकते थे पर मुझे सिर्फ इस बात का दुख है कि जो रूट, स्मिथ और विलियमसन जैसे खिलाड़ी टेस्ट क्रिकेट में अपनी अलग पहचान बना रहे हैं, वहीं विराट ने ये अवसर खो दिया। मांजरेकर ने यह भी कहा कि अगर विराट ने तीनों प्रारुपों से एक साथ संन्यास लिया होता, तो उन्हें कोई आपत्ति नहीं होती। अगर विराट कोहली ने पूरी तरह क्रिकेट से संन्यास ले लिया होता, तो वह ठीक था पर उन्होंने केवल टेस्ट क्रिकेट छोड़ा और एकदिवसीय खेलना जारी रखा जो मुझे अजीब लगा।






# राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप: विश्व चैंपियन मीनाक्षी, निखत जरीन, हितेश सेमीफाइनल में

**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 08 जनवरी।**

विश्व चैंपियन मीनाक्षी हुड्डा, निखत जरीन, विश्व बॉक्सिंग कप स्वर्ण पदक विजेता हितेश गुलिया ने गुरुवार को ग्रेटर नोएडा की गौतम बुद्ध यूनिवर्सिटी में अपने-अपने क्वार्टरफाइनल मुकाबलों में आसान जीत के साथ एलीट पुरुष और महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में जगह बना ली। यह पहली बार है जब पुरुष और महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप एक ही जगह पर एक साथ हो रही हैं, जिसमें हर वर्ग के लिए 10 वेट कैटेगरी में 600 मुक्केबाज मुकाबला कर रहे हैं। ऑल इंडिया पुलिस टीम की मीनाक्षी (विमेन 45-48 किग्रा) ने पंजाब की कशिश मेहता को 5:0 के स्कोर से हराया, जबकि निखत (48-51 किग्रा) ने मणिपुर की लैंचेनबी चानू टोंगब्राम को उसी अंतर से हराया।

पुरुषों के 65-70 किग्रा क्वार्टर फाइनल में, हितेश ने पंजाब के तेजस्वी को 5:0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। पवन बर्तवाल (50-55 किग्रा), जदुमणि सिंह (50-55 किग्रा), और सचिन (55-60 किग्रा) ने भी सेमीफाइनल में जगह बनाई। पवन ने अरुणाचल प्रदेश के टायसन को, जदुमणि ने पंजाब के निखिल को और सचिन ने उत्तर प्रदेश के करण को हराया। महिलाओं के 51-54 किग्रा क्वार्टर फाइनल में, प्रीति ने पंजाब की हरमीत कौर विर्क को 5:0 से हराया। साक्षी ने पूनम को 4:1 से मात दी। इससे पहले बुधवार को, निखत जरीन, पवन बर्तवाल, और सुमित ने अपने-अपने मैच जीते थे।



# सनी लियोनी ने कहा बदलती सोच और डेटिंग स्टाइल ने स्प्लिट्सविला शो को बनाया दर्शकों का फेवरेट

डेटिंग और रियलिटी शो की दुनिया में एमटीवी स्प्लिट्सविला हमेशा से खास जगह रखता आया है। पिछले कई सालों में यह शो दर्शकों के बीच लोकप्रिय होता जा रहा है और अब 16वें सीजन के साथ यह एक बार फिर नए ट्विस्ट और रोमांच के साथ लौट रहा है। इस बार का सीजन स्प्लिट्सविला एक्स6: प्यार या पैसा नाम से दर्शकों के सामने आएगा, जिसमें प्यार और पैसों के बीच प्रतियोगियों की जंग दिखाई जाएगी। इस सीजन को सनी लियोनी होस्ट कर रही हैं। सनी ने कहा, स्प्लिट्सविला मेरे लिए हमेशा खास रहा है क्योंकि यह हर पीढ़ी के बदलते प्यार और रिश्तों की कहानी को दर्शाता है। समय के साथ न सिर्फ प्रतियोगियों की सोच बदली है, बल्कि डेटिंग का तरीका और प्यार की समझ भी बदल गई है। इस सीजन में भावनाओं और रिश्तों की परीक्षा पहले से कहीं ज्यादा होगी। प्रतियोगियों को अपने रिश्तों और दोस्ती की ताकत दिखानी होगी, जबकि ट्विस्ट और खेल की रणनीतियां उनके रास्ते में बाधा डालेंगी। इस बार शो में करण कुंद्रा को को-होस्ट के रूप में शामिल किया गया है। करण पिछले छह सालों में एमटीवी से दूर थे। अपनी वापसी को लेकर करण कुंद्रा ने कहा, ह्वशो के साथ जुड़कर मुझे ऐसा लग रहा है जैसे मैं घर लौट आया हूं। सनी लियोनी के साथ शो होस्ट करना मेरे लिए रोमांचक अनुभव है, क्योंकि उन्हें शो की अच्छी समझ है। मुझे यह देखने में भी बेहद मजा आएगा कि प्रतियोगी पैसा और प्यार दोनों में क्या चुनेंगे। इस सीजन में निया शर्मा और उर्फी जावेद को भी शामिल किया गया है। इनका काम प्रतियोगियों को चुनौती देना और खेल में बाधाएं डालना होगा। वे हर कदम पर प्रतियोगियों को उलझाएंगी और उन्हें अपने निर्णयों पर दोबारा सोचने के लिए मजबूर करेंगी। इस बार शो में कुल 32 लड़के और लड़कियां हिस्सा लेंगे, जो अपनी रणनीति और समझदारी के बल पर जीतने की कोशिश करेंगे।सनी और करण दोनों ने बताया कि इस बार शो को हफ्ते में तीन बार प्रसारित किया जाएगा, जिससे दर्शकों को ज्यादा रोमांच, ड्रामा और मनोरंजन मिलेगा। हर एपिसोड में नए ट्विस्ट देखने को मिलेंगे। स्प्लिट्सविला शो 9 जनवरी से शुरू होगा। ये एमटीवी चैनल और ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो हॉटस्टार पर शाम 7 बजे उपलब्ध होगा।

# रूस से तेल आयात पर अमेरिका का कड़ा रुख: भारत पर 500 प्रतिशत टैरिफ लगाने की तैयारी

» **वॉशिंगटन, यूटर्न/ 08 जनवरी।**

अमेरिका और भारत के बीच व्यापारिक संबंधों में तनाव बढ़ने के संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी सीनेटर लिंडसे ग्राहम ने जानकारी दी है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक नए द्विदलीय (बाइपार्टिन) बिल को हरी झंडी दे दी है, जिसके तहत रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर 500 प्रतिशत तक का भारी-भरकम टैरिफ लगाया जा सकता है। इस कदम का सीधा असर भारत, चीन और ब्राजील जैसे देशों पर पड़ेगा।

सीनेटर लिंडसे ग्राहम ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट के जरिए बताया कि राष्ट्रपति ट्रंप ने रशिया सेंक्शन बिल को अपनी मंजूरी दे दी है।इस बिल को ग्राहम और सीनेटर रिचर्ड ब्लूमेंथल ने मिलकर तैयार किया है। इस प्रस्तावित कानून का मुख्य उद्देश्य रूस के राजस्व स्त्रोतों को सुखाना है, ताकि यूक्रेन के खिलाफ जारी युद्ध के लिए राष्ट्रपति पुतिन को आर्थिक मदद न मिल सके। ग्राहम ने लिखा, यह बिल राष्ट्रपति ट्रंप को उन देशों को दंडित करने की जबरदस्त शक्ति देगा जो सस्ता रूसी तेल खरीदकर पुतिन की वॉर मशीन को ईंधन दे रहे हैं।उन्होंने स्पष्ट रूप से भारत, चीन और ब्राजील का नाम लेते हुए कहा कि यह बिल इन देशों को रूसी तेल खरीदने से रोकने के लिए एक बड़े दबाव (लेवरेज) के रूप में काम करेगा।लिंडसे ग्राहम ने एक और महत्वपूर्ण दावा किया कि अमेरिका में भारत के राजदूत विनय क्वात्रा ने उनसे मुलाकात कर नई दिल्ली द्वारा रूस से कच्चे तेल की खरीद में की गई कटौती की जानकारी दी है। ग्राहम के अनुसार, क्वात्रा ने उनसे आग्रह किया कि वे राष्ट्रपति ट्रंप को इस बारे में सूचित करें और भारतीय सामानों पर लगाए गए मौजूदा टैरिफ को कम करने की सिफारिश करें। एक ओर जहां अमेरिका दबाव बना रहा है, वहीं आंकड़ों में भारत के रूसी तेल आयात में कमी देखी गई है।

## संक्षिप्त खबरें

### मादुरो, सिलिया को गिरफ्तारी के दौरान में चोट लगी: वेनेजुएला

**काराकास, यूटर्न/ 08 जनवरी।** वेनेजुएला के गृह मंत्री डियोसडाडो कैबेलो ने दावा किया है कि राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी सिलिया फ्लोरेस को उनकी गिरफ्तारी के दौरान चोट लगी थी। श्री कैबेलो ने बुधवार को कहा, श्रीमती सिल्विया को सिर में चोट लगी और शरीर पर मुक्के मारे गए, जबकि श्री मादुरो के पैर में चोट लगी। उन्होंने यह भी दावा किया कि अमेरिकी सेना की सिलिया फ्लोरेस को ले जाने की कोई योजना नहीं थी। उन्होंने कहा, जब वे श्री मादुरो को ले जा रहे थे, तो उनका पत्नी सिलिया को ले जाने का कोई इरादा नहीं था, मगर श्रीमती सिलिया ने उनसे कहा, अगर तुम मेरे पति को ले जाओगे, तो तुम्हें मुझे भी ले जाना होगा।

### चीनी राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय की जापान को सलाह, अपने ही पैर पर कुल्हाड़ी मत मारो

**बीजिंग, यूटर्न/ 08 जनवरी।** चीनी राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता ने हाल ही में सैन्य मामलों से संबंधित जानकारी जारी की। त्यायु द्वीप व इससे संबद्ध द्वीप के बारे में पत्रकार के सवाल का जवाब देते हुए प्रवक्ता ने कहा कि त्यायु द्वीप व इससे संबद्ध द्वीप चीन की निहित प्रादेशिक भूमि है। संबंधित जलक्षेत्र में चीन तटरक्षक बल की गश्त और कानून प्रवर्तन कार्रवाई, समुद्र की सुरक्षा और सीमाओं की रक्षा करना, वैध और उचित है। इससे चीनी प्रादेशिक भूमि पर कब्जा करने की लालसा रखने वालों को कोई अवसर नहीं मिलेगा। संबंधित पक्षों को चिंतित होने की कोई आवश्यकता नहीं है।

### कोलंबिया के राष्ट्रपति के तेवर पड़े नरम, ट्रंप ने अमेरिका आने का दिया न्योता

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 08 जनवरी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को आंख दिखाने वाले कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो के तेवर जल्द ही नरम पड़ गए। कोलंबियाई राष्ट्रपति ने ट्रंप से फोन पर बातचीत की और इस दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति ने पेट्रो को व्हाइट हाउस आने का निमंत्रण दिया। डोनाल्ड ट्रंप ने ट्रूथ सोशल पर लिखा, कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो से बात करना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात थी.

## हिज्बुल्लाह को निरस्त्र करना इजरायल की सुरक्षा और लेबनान के लिए जरूरी: नेतन्याहू



» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 08 जनवरी।**

इजरायल ने बीते दिन लेबनान के कई शहरों पर हमला किया। यह हमला हमास और हिज्बुल्लाह के ठिकानों को टारगेट करके किया गया। इस हमले के संबंध में अब इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के दफ्तर से बयान सामने आया है।

बयान के अनुसार, पीएम ऑफिस की तरफ से कहा गया, ह्लअमेरिका की मध्यस्थता से इजरायल और लेबनान के बीच हुए सीजफायर समझौते में साफ कहा गया है कि हिज्बुल्लाह को पूरी तरह से निरस्त्र कर देना चाहिए।यह इजरायल की सुरक्षा और लेबनान के भविष्य के लिए जरूरी है।

वहीं एक अन्य पोस्ट में कहा गया, ह्ललेबनान सरकार और लेबनानी सैन्य बल की इस दिशा में की गई कोशिशें एक अच्छी शुरूआत हैं, लेकिन वे काफी नहीं हैं, जैसा कि हिज्बुल्लाह की ईरान के समर्थन से अपने आतंकवादी ढांचे को फिर से हथियारबंद करने और फिर से बनाने की कोशिशों से पता चलता है।

इजरायल ने सोमवार को लेबनान में हिज्बुल्लाह और हमास के कई ठिकानों पर हवाई हमले किए हैं। इजरायल की ओर से किए गए इन हमलों में लेबनान का तीसरा सबसे बड़ा शहर भी शामिल था।

लेबनान की सरकारी न्यूज एजेंसी ने कहा कि हमले में सिडोन के एक इंडस्ट्रियल इलाके में एक कमर्शियल बिल्डिंग तबाह हो गई। इजरायल के सरकारी कान टीवी ने बताया कि कई लोग घायल हुए हैं, लेकिन किसी के मरने की तुरंत कोई खबर सामने नहीं आई। वहीं न्यूज एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के मुताबिक, इजरायल डिफेंस फोर्स (आईडीएफ) ने मंगलवार सुबह एक बयान जारी कर कहा कि उसने सोमवार को शुरू हुए ताबड़तोड़ हमलों में लेबनान के कई इलाकों में हिजबुल्लाह और हमास के ठिकानों को निशाना बनाया है।

आईडीएफ ने कहा, हमलों में जमीन के ऊपर और नीचे कई हथियार रखने की जगहों और सैन्य ढांचों को निशाना बनाया गया, जिनका इस्तेमाल हिजबुल्लाह ने आईडीएफ सैनिकों और इजरायली सरकार के खिलाफ हमले करने के साथ-साथ अपनी सैन्य क्षमताओं को फिर से बनाने के लिए किया था। लेबनान की नेशनल न्यूज एजेंसी ने कहा कि चार घर तबाह हो गए और गाड़ियों और दुकानों को बहुत नुकसान हुआ, जबकि सड़क भी क्षतिग्रस्त हो गई। इजरायली सेना ने दावा किया कि लेबनान में किए गए इन हमलों का मकसद हिज्बुल्लाह के खतरों को हटाना है।

## वेनेजुएला को लेकर अमेरिका की अब क्या है रणनीति? विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने सामने रखा रोडमैप

» **वाशिंगटन, यूटर्न/ 08 जनवरी।**



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व वाले प्रशासन ने वेनेजुएला के लिए तीन चरणों वाली योजना सामने रखी है। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा कि इस रोडमैप के तहत फिलहाल वेनेजुएला में जल्द चुनाव कराए जाने की कोई योजना नहीं है और अमेरिका की भूमिका लंबे समय तक बनी रहेगी।

रुबियो के अनुसार, यह योजना तीन हिस्सों में बंटी है, जिनमें स्थिरीकरण, पुनर्बहाली और राजनीतिक संक्रमण शामिल हैं। उन्होंने साफ किया कि इन चरणों को जल्दबाजी में लागू नहीं किया जाएगा, क्योंकि वेनेजुएला की मौजूदा स्थिति वर्षों की गिरावट का नतीजा है।

पहला चरण देश में स्थिरता लाने पर केंद्रित है। रुबियो ने कहा कि राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को हटाए जाने के बाद अराजकता फैलने से रोकना इस चरण का मुख्य उद्देश्य है। इसके लिए अमेरिका वेनेजुएला के तेल निर्यात पर सख्त नियंत्रण रखेगा।

उन्होंने बताया कि प्रतिबंधों के कड़े पालन और समुद्री निगरानी (नौसैनिक क्वारंटीन) के जरिए वाशिंगटन के पास इस समय सबसे मजबूत दबाव की स्थिति है।

दूसरा चरण आर्थिक पुनर्बहाली से जुड़ा है। इस दौरान वेनेजुएला की अर्थव्यवस्था को अमेरिकी, पश्चिमी और अन्य स्वीकृत विदेशी कंपनियों के लिए दोबारा खोला जाएगा। रुबियो ने कहा कि इस चरण में बुनियादी ढांचे का पुनर्निर्माण, बिजली व्यवस्था की मरम्मत और आर्थिक विकास के लिए अनुकूल माहौल तैयार करना शामिल है। साथ ही राष्ट्रीय मेल-मिलाप की कोशिशें भी होंगी, जिनमें विपक्षी नेताओं की रिहाई या माफी और देश छोड़ चुके लाखों वेनेजुएलावासियों की वापसी शामिल है।

## अमेरिकी रक्षा बजट में भारी वृद्धि

## ट्रंप ने 1.5 ट्रिलियन डॉलर की ड्रीम मिलिट्री का किया ऐलान

» **वॉशिंगटन, यूटर्न/ 08 जनवरी।**



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वैश्विक सुरक्षा परिदृश्य को देखते हुए रक्षा खर्च में अभूतपूर्व बढ़ोतरी का फैसला लिया है। राष्ट्रपति ट्रंप ने घोषणा की है कि वर्ष 2027 के लिए अमेरिका का सैन्य बजट 1 ट्रिलियन डॉलर के शुरूआती अनुमान को पीछे छोड़ते हुए अब 1.5 ट्रिलियन डॉलर होगा। ट्रंप का यह कदम ऐसे समय में आया है जब वेनेजुएला सहित कई अन्य देशों के खिलाफ अमेरिकी तेवर सख्त बने हुए हैं और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कूटनीतिक हलचल तेज है।


राष्ट्रपति ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर इस निर्णय की जानकारी साझा करते हुए इसे ड्रीम मिलिट्री का नाम दिया है। उन्होंने लिखा कि सीनेटरों, कांग्रेस सदस्यों और सचिवों के साथ गहन विचार-विमर्श के बाद यह तय किया गया है कि देश की भलाई और सुरक्षा के लिए सैन्य बजट में यह भारी इजाफा आवश्यक है।ट्रंप के अनुसार, वर्तमान समय बेहद कठिन और खतरनाक है, ऐसे में अमेरिका को एक ऐसी अजेय सेना तैयार करने की आवश्यकता है जो किसी भी दुश्मन से देश की रक्षा कर सके और वैश्विक शक्ति संतुलन को बनाए रख सके। इस भारी-भरकम बजट के लिए धन की उपलब्धता पर स्पष्टीकरण देते हुए राष्ट्रपति ने टैरिफ (सीमा शुल्क) से होने वाली कमाई को मुख्य आधार बताया है।

उन्होंने तर्क दिया कि अन्य देशों पर लगाए गए टैरिफ के माध्यम से अमेरिका को बड़ी मात्रा में राजस्व प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कड़े शब्दों में कहा कि अतीत में कई देशों ने अमेरिका को उस स्तर पर लूटा है जो पहले कभी नहीं देखा गया था ।



मैडागास्कर में आई बाढ़ के बीच ही कार्ट के जरिये इधर-उछर जाते हुए लोग। यहां भारी बारिश और बाढ़ के कारण करीब 11 लोगों की मौत हो गयी थी।

## ईरान युद्ध नहीं चाहता, लेकिन इसके लिए तैयार है : अराकची



**बेरूत, यूटर्न/ 08 जनवरी।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराकची ने गुरुवार को कहा कि उनका देश इजरायल के साथ युद्ध नहीं चाहता, लेकिन अगर ऐसा होता है तो वह इसके लिये तैयार है। श्री अराकची ने लेबनान पहुंचने पर पत्रकारों से कहा, हम युद्ध नहीं चाहते, लेकिन हम युद्ध के लिए तैयार हैं। हमारा क्षेत्र गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहा है। इस क्षेत्र में खासकर इजरायल से जो खतरे हैं वे आज जितने बड़े हैं, उतने पहले कभी नहीं थे। उन्होंने कहा कि ईरान इस क्षेत्र के देशों के संपर्क में है। उन्होंने कहा, इस्लामिक गणराज्य इस क्षेत्र के सभी देशों के साथ बातचीत कर रहा है।

लेबनान की मेरी यात्रा एक महत्वपूर्ण समय पर हो रही है। श्री अराकची ने अमेरिका के साथ बातचीत की संभावना पर कहा कि कुछ शर्तों के तहत बातचीत शुरू हो सकती है। उन्होंने कहा, जब भी अमेरिकी यह मान लेंगे कि बातचीत हुक्म चलाने से अलग है, तो बातचीत शुरू हो सकती है।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, C/O Ummpl Marketing Pvt. 194-G, Sector 63, Noida 201307, Editor: Sandeep Sharma
Contact - +91 9888200619

* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आर.बी.एक्ट. के तहत जिम्मेवार *